# दैनिक राष्ट्रीय गरिमा

राष्ट्र भक्ति की अलख जगाता

www.rashtriyagarima.com

राष्ट्र एक बगीचा है और हम सब इसके माली

■ भोपाल, सोमवार 23 नवम्बर 2026 ■ पृष्ठ : 8, मूल्य ₹ 2 ■ वर्ष : 31, अंक : 156 ■ RNI No.61858/95 ■ Email- rgarima2005@gmail.com




भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत के हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला पहुंचने पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

**सुविचार**

न्याय और नीति लक्ष्मी के खिलौने हैं, वह जैसे चाहती है नचाती है।
– प्रेमचंद

# देश में अलग-अलग सड़क हादसों में गई 28 लोगों की गई जान

## राष्ट्रपति मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी ने सड़क हादसों पर दुख जताया

कोटा,(एजेंसी)। देश में अलग-अलग सड़क हादसों में कई परिवार उजाड़ दिए। राजस्थान में जहां एक परिवार खाटू श्याम के दर्शन कर लौट रहा था, वहीं दूसरा हादसा रामदेवरा दर्शन के लिए जाते समय हुआ। सबसे दर्दनाक हादसा गुजरात के कच्छ में हुआ। गुजरात के हादसे ने एक आर्मी परिवार उजाड़ दिया। चौथा हादसा करनाल में हुआ,वहीं बिहार में भी एक हादसा हुआ। इन पांचों हादसों के साथ ही एक अन्य हादसे में कुल 28 लोगों की मौत हुई है। जूनागढ़ से माधवपुर जा रही तेज रफ्तार स्विफ्ट कार मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गई और उसमें आग लग गई। कार में सवार चार में से तीन लोगों की जलकर मौत हो गई। इन्फ्लुएंसर कृष्णा चूड़ासमा शीशा टूटने के बाद बाहर गिरीं, जिससे जान बच गई। रविवार सुबह करीब 5 बजे केशोद-बालागाम रोड पर घामिडाना गांव के पास लाल रंग की स्विफ्ट कार हादसे का शिकार हो गई। कार तेज रफ्तार के कारण मोड़ पर सड़क किनारे पत्थर से टकराकर पलट गई



और उसमें आग लग गई। पीएम मोदी ने गुजरात के कच्छ में हुए सड़क हादसे में लोगों की मौत पर दुख जताया है। हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों को 2-2 लाख रुपए दिए जाएंगे। वहीं, घायलों को 50 हजार रुपए की आर्थिक मदद मिलेगी।

जानकारी के मुताबिक शनिवार-रविवार की दरमियानी रात चार बड़े सड़क हादसे हुए। इन हादसों ने चार परिवार उजड़ गए। सबसे दर्दनाक हादसा गुजरात के कच्छ में हुआ। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए और कई शव सड़कों पर बिखरे गए। वहीं, हरियाणा के करनाल में भी एक भीषण सड़क हादसा हुआ। यह दुर्घटना नाता पुलिस थाना क्षेत्र के शंभूपुरा गांव के पास हुई। यह परिवार खाटू श्यामजी के दर्शन करके लौट रहा था। जानकारी के मुताबिक, गाड़ी चलाते समय ड्राइवर को झपकी आ गई जिसकी वजह से उसका ध्यान रास्ते से हट गया। इसी दौरान क्रूजर गाड़ी असंतुलित हो गई और सीधे सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में बच्चों समेत नौ लोगों की मौत हो गई है। वहीं, हादसे में घायल छह लोगों का अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। हादसे में घायल एक व्यक्ति ने बताया कि परिवार कई गाड़ियों में सफर कर रहा था। खाटूश्यामजी से धार की तरफ जाते समय उनकी दो गाड़ियां पीछे रह गई थीं, जबकि तीन गाड़ियां आगे निकल गई थीं। इसी दौरान उनके साथ मौजूद एक महिला का फोन आया कि गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया है। सूचना मिलते ही वे तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे तब उन्हें हादसे का पता चला। वहीं राजस्थान में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात को दो सड़क हादसे हुए हैं। दूसरा हादसा जोधपुर में हुआ। जोधपुर में कार और ट्रैवल टेम्पो की टक्कर हो गई। इस टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 15 घायल हैं। घायलों को मथुरादास माथुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## कई राज्यों में बढ़ी ठंड,राजस्थान के 6 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे

### मध्यप्रदेश के 12 जिलों में बारिश का अलर्ट,यूपी में छाया घना कोहरा

नई दिल्ली,(एजेंसी)। दिल्ली, राजस्थान समेत देश के कई राज्यों में ठंड बढ़ गई है। राजस्थान के 6 शहरों में शनिवार रात न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे रहा। वहीं आज रविवार को भी ठंड का असर देखने को मिला। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में सबसे कम 6.1 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। सीकर में 7.7, उदयपुर में 8.7 और चूरू में 9.5 डिग्री पारा दर्ज किया गया। मध्य प्रदेश,छत्तीसगढ़ और बिहार में चक्रवात 'अकवान' के चलते बारिश होने और पहाड़ों पर बर्फबारी के असर से मौसम बदल गया है। इधर मध्यप्रदेश के जबलपुर, रीवा और शहडोल संभाग में बारिश हो रही है। उज्जैन में ठंड के चलते आठवीं तक के स्कूलों का समय बदलकर सुबह 9 बजे के बाद कर दिया गया है। बिहार में रविवार सुबह नालंदा और भागलपुर में बारिश हुई। पिछले 24 घंटे में पटना समेत 9 जिलों में बारिश दर्ज की गई। यूपी के 24 जिलों में रविवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। वहीं, झारखंड में खराब मौसम के कारण शनिवार को रांची एयरपोर्ट पर 20 फ्लाइट रद्द और चार को डायवर्ट किया गया। सर्दी बढ़ने के साथ प्रदूषण का स्तर भी बढ़ रहा है। राजस्थान के बीकानेर में एक्यूआई 311, भिवाड़ी में 301 में दर्ज किया गया। दिल्ली की हवा की गुणवत्ता शनिवार को भी 'खराब' बनी रही। एक्यूआई 265 दर्ज किया गया। दरअसल, सर्दी में हवा ठंडी और भारी होने लगती है,उसकी रफ्तार भी कम हो जाती है। इससे प्रदूषक कण जमीन के पास जमा होने लगते हैं। यही वजह है कि पंजाब,हरियाणा और उत्तरी राजस्थान में पराली जलाने से उठा धुआं पश्चिमी राजस्थान तक पहुंच रहा है। रेगिस्तानी इलाकों में रात को तापमान तेजी से गिरता है। इससे थर्मल इन्वर्जन की स्थिति बन सकती है। इस दौरान प्रदूषक कण और धुआं ऊपर फैलने के बजाय निचली हवा में ही फंसे रहते हैं।

## जज की जगह ओवैसी को दिया गार्ड ऑफ ऑनर,जांच के आदेश

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में एक अजीबोगरीब वाकया सामने आया है, जहाँ शनिवार को पुलिसकर्मियों ने एक न्यायाधीश को दिए जाने वाले गार्ड ऑफ ऑनर को गलती से एआईएमआईएम प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी को दे दिया। इस गंभीर प्रोटोकॉल में लापरवाही के बाद, जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जांच के आदेश दिए हैं। एक पुलिस अधीक्षक को इस मामले की विस्तृत जांच सौंपी गई है,ताकि यह पता लगाया जा सके कि यह गलती किन परिस्थितियों में और कैसे हुई। यह घटना सहारनपुर सर्किट हाउस में घटी,जब सांसद ओवैसी आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद के घर छुटमलपुर जाने से पहले वहां पहुंचे थे। पुलिस प्रोटोकॉल के तहत एक न्यायाधीश के आगमन की तैयारी चल रही थी, जिन्हें सहारनपुर के एक गांव में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होना था। लेकिन न्यायाधीश के आने से पहले ओवैसी के पहुंचने पर,वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें आते ही औपचारिक सलामी (गार्ड ऑफ ऑनर) दे दी, जिसे ओवैसी ने भी बड़े ही सहज भाव से पुलिसकर्मियों के सामने सावधान की मुद्रा में खड़े होकर स्वीकार कर लिया। हालांकि,सलामी के कुछ ही देर बाद पुलिसकर्मियों को अपनी गलती का अहसास हुआ। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

## कुपवाड़ा जिले में एलओसी के पास संदिग्ध नशीला पदार्थ बरामद

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास हेरोइन जैसा एक पदार्थ बरामद किया गया है,जिसकी कीमत लगभग छह करोड़ रुपये है। कुपवाड़ा पुलिस ने उत्तरी कश्मीर जिले के करनाह इलाके के अमरोही में चलाए गए कॉर्डन एंड सर्च ऑपरेशन के दौरान हेरोइन जैसा लगभग 827 ग्राम पदार्थ बरामद किया है। इस ऑपरेशन के दौरान करनाह के अमरोही निवासी जमीर अहमद तुंच के घर की तलाशी ली गई,जहां से एक काला पॉलीथीन बैग मिला,जिसमें संदिग्ध नशीला पदार्थ रखा हुआ था। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारियों ने आगे बताया कि बरामद पदार्थ कहां से आया,इसका पता लगाने और इससे जुड़े अन्य संपर्कों की जांच की जा रही है।

## बीकेसी में प्रदर्शन और तोड़फोड़ पर पुलिस का एक्शन,केस दर्ज

मुंबई। मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में मेटा की बिल्डिंग के बाहर हुए प्रदर्शन और कथित तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। इस मामले में मुंबई यूथ कांग्रेस की अध्यक्ष जीनत सबरीन समेत चार लोगों को नामजद किया गया है, जबकि 15 से 20 अज्ञात महिलाओं को भी आरोपी बनाया गया है। एफआईआर के मुताबिक,यह घटना 20 नवंबर को शाम करीब 5.40 बजे बीकेसी रोड स्थित बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स के बाहर हुई। करीब 20 से 25 लोग बिल्डिंग के बाहर जमा हुए और नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार,लाल रंग की फूलों वाली ड्रेस पहनी एक महिला ने बिल्डिंग के कांच के बाहरी हिस्से पर मेटा-आरएसएस का बेटा लिखकर उसे कथित तौर पर नुकसान पहुंचाया। शिकायत में प्रदर्शनकारियों पर परिसर में हंगामा करने का भी आरोप लगाया गया है। एफआईआर में नामजद आरोपियों में मुंबई यूथ कांग्रेस की अध्यक्ष जीनत सबरीन के अलावा, यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव पवन मजेठिया, निखिल रुपारेल और जाफर शामिल हैं। मुंबई की बीकेसी थाना पुलिस ने बीएनएस की धारा 223 और महाराष्ट्र पुलिस एक्ट की धारा 37(3) और 135 व महाराष्ट्र प्रिवेंशन ऑफ डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट,1995 की धारा 3 के तहत मामला दर्ज किया है।

## स्वयंसेवक केवल 'भारत माता की जय' के भाव से करते हैं कार्य : रामलाल



नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता विकास वर्ग-2 का शुभारंभ

नागपुर,(एजेंसी)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख रामलाल ने कहा कि संघ के स्वयंसेवक किसी व्यक्ति विशेष या संगठन के जयकारे के लिए नहीं, बल्कि केवल 'भारत माता की जय' के भाव से जीवनभर कार्य करते हैं। देश और समाज के प्रति समर्पित राष्ट्रभक्त नागरिकों का निर्माण करना ही संघ का मूल उद्देश्य है। नागपुर के रेशमबाग स्थित डॉ. हेडगेवार स्मृति भवन परिसर के संत शिरोमणि रविदास सभाकक्ष में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता विकास वर्ग-2 (विशेष) का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर संघ के सह सरकार्यवाह मुकुंद और छत्तीसगढ़ के प्रांत संघचालक एवं वर्ग के सर्वाधिकारी डॉ. टोपलाल वर्मा उपस्थित थे। अपने संबोधन में रामलाल ने कहा कि संघ के संस्थापक डॉ.केशव बलिराम हेडगेवार ने दूरदर्शिता के साथ संगठन की स्थापना की थी। उनका उद्देश्य देश में राष्ट्रभक्ति, सांस्कृतिक गौरव और सामाजिक एकता का ऐसा भाव विकसित करना था, जिससे भविष्य में देश के सामने फिर कभी गुलामी जैसी परिस्थिति उत्पन्न न हो। संघ की 100 वर्षों की यात्रा में अनेक संकट आए और तीन बार प्रतिबंध भी लगा,लेकिन स्वयंसेवकों की निष्ठा, कर्मठता और जीवटता के कारण संगठन का कार्य निरंतर आगे बढ़ता रहा। समय के साथ संघ की कार्यपद्धति में बदलाव हुए,लेकिन उसका मूल विचार आज भी बरकरार है। प्रशिक्षण वर्ग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए रामलाल ने कहा कि संघ से परिचित होने के साथ उसके वैचारिक आधार को गहराई से समझना और प्रत्येक विषय का गहन अध्ययन करना भी आवश्यक है। यह प्रशिक्षण एक प्रकार की साधना है। इसे सार्थक बनाने के लिए दृढ़ संकल्प जरूरी है। उन्होंने कहा कि अगले 25 दिनों के प्रशिक्षण से कार्यकर्ता भारत माता की सेवा के लिए और अधिक सक्षम बनेंगे। उल्लेखनीय है कि इस प्रशिक्षण वर्ग में देशभर से 500 शिक्षार्थी शामिल हुए हैं। रविवार को भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन और संगठन मंत्र के साथ वर्ग का औपचारिक शुभारंभ हुआ। यह वर्ग 16 दिसंबर तक चलेगा। इसका समापन दीक्षांत समारोह के साथ होगा।

## हर बूथ पर 100 नए मतदाताओं के नाम जोड़ने का लक्ष्य: महेंद्र सिंह

कानपुर। विशेष बूथ दिवस पर मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में तेजी लाने और नए मतदाताओं के नाम जोड़ने पर जोर दिया गया। प्रत्येक बूथ पर कम से कम 100 नए मतदाताओं के नाम जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। यह बातें रविवार को घंटाघर स्थित सेंट्रल धर्मशाला और एसएन सेन इंटर कॉलेज में बूथों के निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने कहीं। जिलाधिकारी ने दोनों स्थानों पर बनाए गए मतदाता बूथों का निरीक्षण किया। घंटाघर स्थित सेंट्रल धर्मशाला में 12 और एसएन सेन इंटर कॉलेज में 11 बूथ स्थापित मिले। सभी बूथों पर बीएलओ और सुपरवाइजर उपस्थित पाए गए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी बीएलओ अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान को गंभीरता से संचालित करें। विशेष बूथ दिवस पर बूथों पर अनिवार्य रूप से मौजूद रहें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नया नाम जोड़ने या किसी नाम को हटाने से पहले संबंधित तथ्यों और अभिलेखों की अच्छी तरह जांच की जाए, जिससे सूची त्रुटिरहित और अद्यतन बनी रहे।

## हिमालय की तरह अडिग और गंगा की तरह प्रवाहमान रहेगी भाजपा सरकार : राजनाथ सिंह



भाजपा की विस्तारित प्रदेश कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक रक्षा मंत्री ने किया संबोधित

हरिद्वार,(एजेंसी)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उत्तराखंड में आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की लगातार तीसरी बार सरकार बनने का भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार हिमालय की तरह अडिग और गंगा की तरह निरंतर प्रवाहमान रहेगी। उत्तराखंड में भाजपा का संगठन देवदार के वृक्ष की तरह मजबूत है। कार्यकर्ताओं का उत्साह और जनता का पार्टी के प्रति विश्वास तीसरी बार भी प्रचंड बहुमत से सरकार बनाने का आधार बनेगा। हरिद्वार स्थित प्रेम नगर आश्रम में रविवार को भाजपा की विस्तारित प्रदेश कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक के समापन सत्र को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि यह बैठक केवल संगठनात्मक आयोजन नहीं,बल्कि आगामी विधानसभा चुनाव में पहले से अधिक बहुमत के साथ सरकार बनाने का संकल्प लेने का अवसर है। उन्होंने कहा कि भाजपा उत्तराखंड की अस्मिता, संस्कृति और विकास की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। राजनाथ सिंह ने कहा कि उत्तराखंड के कार्यकर्ताओं के प्रति उनके मन में श्रद्धा और कृतज्ञता का भाव है। प्रदेश के अलग-अलग जिलों में उन्हें कार्यकर्ताओं के साथ काम करने का अवसर मिला है। आज उन्हीं कार्यकर्ताओं के परिश्रम से संगठन का विस्तार हुआ है और बड़ी संख्या में नए लोग पार्टी से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की चुनावी सफलताओं के पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व,विकास कार्य, जनकल्याण की भावना और कार्यकर्ताओं की मेहनत है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भाजपा की असली ताकत सरकार नहीं,बल्कि उसका मजबूत संगठन है। संगठन को जीवंत बनाए रखने के लिए निरंतर संवाद और कार्यकर्ताओं से संपर्क जरूरी है। भाजपा केवल चुनाव जीतने के लिए नहीं, बल्कि देश और प्रदेश को बदलने के उद्देश्य से काम करती है। सत्ता रहे या न रहे, पार्टी राष्ट्रहित और जनहित के मुद्दों पर अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं करेगी। उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के एक देश में दो प्रधान, दो विधान और दो निशान नहीं चलने देने के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा उसी वैचारिक धारा को आगे बढ़ा रही है। पार्टी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय और राष्ट्र प्रथम के विचारों से प्रेरित है। समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचना ही सरकार की सफलता का वास्तविक पैमाना होना चाहिए।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता: शिवराज सिंह



सीहोर। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है और हमारा संकल्प है कि क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों। इसके लिए केन्द्र और राज्य सरकारें निरंतर कार्य कर रही हैं। केन्द्रीय मंत्री रविवार को मध्य प्रदेश के सीहोर जिले के रेहटी में लगभग 28 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सांदीपनि विद्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज इस विद्यालय का लोकार्पण करते हुए मन अत्यंत प्रसन्न है। उनका सपना है कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को भी निजी स्कूलों से बेहतर शिक्षा और सभी आवश्यक सुविधाएं सरकारी स्कूलों में उपलब्ध हों। भवन अच्छा बनने के साथ ही विद्यालय में पढ़ाई का स्तर भी बेहतर होना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे पूरी लगन और समर्पण के साथ बच्चों का भविष्य संवारें, ताकि यहां के विद्यार्थी हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश और दुनिया में अपने क्षेत्र का नाम रोशन करें। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पहले ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छे स्कूलों की कमी के कारण प्रतिभाशाली बच्चे भी आगे नहीं बढ़ पाते थे। निजी स्कूलों की फीस अधिक होने के कारण हर परिवार अपने बच्चों को वहां नहीं पढ़ा सकता। इसी सोच के साथ उन्होंने मुख्यमंत्री रहते हुए सीएम राइज स्कूलों की कल्पना की थी, ताकि सरकारी स्कूल निजी स्कूलों से भी बेहतर बन सकें। अब मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा इन विद्यालयों को सांदीपनि विद्यालय नाम दिया गया है। उन्होंने कहा कि इन विद्यालयों में प्रयोगशालाएं, लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास रूम, खेल मैदान, संगीत एवं नृत्य की कक्षाएं सहित पढ़ाई और सर्वांगीण विकास की सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है। बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ खेलकूद और अन्य गतिविधियों में भी आगे बढ़ने के अवसर मिलने चाहिए। उन्होंने कहा कि उनकी कल्पना है कि आसपास के गांवों के बच्चे भी स्कूल बसों से विद्यालय आएं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर अपने सपनों को साकार करें।

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालना वाला आरोपी गिरफ्तार

शिमला। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणियां और किसी के खिलाफ कथित झूठे आरोप प्रसारित करना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। पुलिस ने फेसबुक पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने और आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट करने के मामले में 47 वर्षीय सुशील शर्मा को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने विवादित पोस्ट और वीडियो खुद अपलोड किए थे और बाद में उन्हें डिलीट कर दिया था। पुलिस को मिली शिकायत के अनुसार आरोपी ने आस्था फाउंडेशन ठियोग ट्रस्ट के नाम से संचालित फेसबुक पेज पर शिकायतकर्ताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार से जुड़े कथित असत्य आरोप और आपत्तिजनक टिप्पणियां प्रसारित की थीं।

## एनडीआरएफ जवान आपदाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं : गृहमंत्री अमित शाह

ईटानगर, (एजेंसी)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि अरुणाचल प्रदेश ग्रामीण समृद्धि के एक नए युग की ओर बढ़ रहा है। सहकारिता क्षेत्र को मजबूत बनाने से राज्य के किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए आर्थिक विकास एवं रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि सहकारी संस्थाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और स्थानीय स्तर पर आत्मनिर्भरता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अपने तीन दिवसीय दौरे के दौरान रविवार को अरुणाचल प्रदेश के पापुम पारे जिले के होलोंगी में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की 12वीं बटालियन के नवनिर्मित स्थायी मुख्यालय भवन का औपचारिक उद्घाटन किया। इस आधुनिक मुख्यालय के शुरू होने से पूर्वोत्तर क्षेत्र में आपदा प्रबंधन, राहत एवं बचाव कार्यों और



आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई की क्षमता को मजबूती मिलेगी। भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील पूर्वोत्तर क्षेत्र की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इस परिसर का निर्माण विशेष तकनीकी मानकों के अनुरूप किया गया है। उद्घाटन समारोह के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए अमित शाह ने बताया कि इस मुख्यालय भवन का निर्माण कार्य पूरा होने में आठ वर्ष लगे। इसकी आधारशिला भाजपा सरकार के कार्यकाल में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने रखी थी। अब इसके पूर्ण होने के बाद एनडीआरएफ की 12वीं बटालियन को स्थायी और आधुनिक आधारभूत ढांचा उपलब्ध हो गया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र भूकंप की दृष्टि से बेहद संवेदनशील है। ऐसे में यहां आपदा प्रबंधन से जुड़ी संस्थाओं का मजबूत बुनियादी ढांचा होना आवश्यक है। होलोंगी में एनडीआरएफ की 12वीं बटालियन का स्थायी मुख्यालय बनने से न केवल अरुणाचल प्रदेश, बल्कि पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र को आपातकालीन परिस्थितियों में बेहतर सहायता मिल सकेगी। एनडीआरएफ के जवान पिछले कई वर्षों से इस क्षेत्र में लोगों की सेवा कर रहे हैं और विभिन्न आपदाओं के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। होलोंगी स्थित एनडीआरएफ मुख्यालय का निर्माण पूर्वोत्तर की भौगोलिक और प्राकृतिक परिस्थितियों को ध्यान में रखकर किया गया है।

## मप्र के खेल इतिहास में अंतर्राष्ट्रीय खेल परिसर की सौगात से जुड़ा स्वर्णिम अध्याय : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज का दिवस भोपाल और मध्यप्रदेश के खेल इतिहास का स्वर्णिम दिवस है। यह खेल क्षेत्र में एक स्वर्णिम अध्याय भी है। भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय खेल परिसर के प्रथम चरण का लोकार्पण एक बड़ी उपलब्धि है। यह काम्प्लेक्स खेलों और खिलाड़ियों के विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण उपहार है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अन्य क्षेत्रों के साथ खेल क्षेत्र के विकास के लिए विशेष प्रयास किए हैं। हमारे युवा खेलों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन में सफल हुए हैं। खेल क्षेत्र में भारत की कीर्ति पताका लहरा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भोपाल



के खेल ग्राम नाथूबरखेड़ा में लगभग एक हजार करोड़ रुपए की लागत से निर्मित स्पोर्ट्स कांप्लेक्स (प्रथम चरण) का लोकार्पण कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उपस्थित खेल प्रेमियों से अपने मोबाइल फोन की टार्च जलवाकर लोकार्पण की रस्म में सहभागी होने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रख्यात गायक श्री सुखविंदर सिंह और अन्य कलाकारों का कार्यक्रम में प्रस्तुति के लिए पधारने के लिए अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एशियन गेम्स 2026 में मध्यप्रदेश के पदक विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि का वितरण किया। कार्यक्रम की गतिविधियों में मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा खेल गांव का अवलोकन, मध्यप्रदेश में खेलों के विकास उपलब्धियों, खेल अकादमियों एवं अधोसंरचना, खेलो इंडिया पर आधारित विशेष वीडियो फिल्म का प्रदर्शन, भारत, चीन, साउथ कोरिया, जापान, मलेशिया, थाईलैंड की टीमों ने मार्चपास्ट किया। प्रसिद्ध गायक श्री सुखविंदर सिंह द्वारा गायन भी शामिल रहा। केंद्रीय जनजाति कार्य राज्य मंत्री श्री दुर्गादास उइके ने कहा कि भारत दुनिया का सर्वाधिक युवा राष्ट्र है और मध्यप्रदेश में 28 प्रतिशत युवा रहते हैं। केंद्रीय मंत्री श्री उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के कुशल प्रेरक नेतृत्व में भारत स्वर्णिम राष्ट्र बनने की दिशा में अग्रसर हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश खेल सहित हर क्षेत्र में विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। खेल मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने समस्त अतिथियों का स्वागत किया।

राष्ट्र भक्ति की अलख जगाता दैनिक
राष्ट्रीय गरिमा
राष्ट्र एक बगीचा है और हम सब इसके माली



# नशा मुक्त युवा अभियान के तहत विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता सम्पन्न

## 250 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक लिया हिस्सा, विभिन्न खेलों में दिखाया दमखम



हरदा। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत संचालित %मेरा युवा भारत के तत्वावधान में %नशा मुक्त युवाङ्क्विकसित भारत 100 दिवसीय अभियान के तहत विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयोजन से शासकीय महात्मा गांधी विद्यालय एवं इंडोर स्टेडियम में आयोजित हुई, जिसमें लगभग 250 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मेरा युवा भारत की ब्लॉक समन्वयक सुश्री सलमा खान ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष श्री संदीप पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री राजेश वर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष श्री नीतेश बादर, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष सुश्री आभा अग्रवाल, खेल प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्री विक्रांत अग्रवाल, वरिष्ठ नेता श्री उदय चौहान एवं मेरा युवा भारत की जिला युवा अधिकारी सुश्री श्रद्धा मित्तल ने हैंडबॉल मैदान का पूजन कर तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर जिला ओलंपिक संघ अध्यक्ष श्री संदीप पटेल ने खिलाड़ियों को दिसंबर माह में आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव, कमल खेल महोत्सव एवं खेलो एमपी यूथ गेम्स में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। वहीं जिला युवा अधिकारी सुश्री श्रद्धा मित्तल ने युवाओं से नशा मुक्त अभियान से जुड़कर स्वस्थ, जागरूक एवं सशक्त समाज के निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया। प्रतियोगिता में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा, शासकीय महात्मा गांधी विद्यालय, बालक एवं बालिका छात्रावास तथा ग्राम रनहाईकला, विच्छापुर एवं टिमरनी सहित विभिन्न स्थानों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के परिणाम हैंडबॉल (बालक वर्ग)= प्रथम स्थान डी.एस. बाय डब्ल्यू क्लब हरदा, द्वितीय हैंडबॉल क्लब हरदा एवं तृतीय रानी दुर्गावती क्लब हरदा ने प्राप्त किया। कबड्डी (बालिका वर्ग)= प्रथम हरदा कॉर्पोरेशन, द्वितीय शक्ति व्यायामशाला एवं तृतीय शासकीय हाई स्कूल विच्छापुर रहा। बैडमिंटन (बालक वर्ग)= प्रथम विराज शर्मा एवं द्वितीय आरव अग्रवाल रहे। शतरंज (बालिका वर्ग)= प्रथम अदिति बघेल, द्वितीय मसीरा खान एवं तृतीय सारिका गौर रहीं। 100 मीटर दौड़ (बालिका वर्ग)= प्रथम स्थान अनुष्का सैनी ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में क्रीड़ा अधिकारी श्री रामनिवास जाट, कोच श्री गौतम विश्वकर्मा सहित अन्य सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### शिवना की स्वच्छता के लिए जनभागीदारी जरूरी

# हर नागरिक निभाए अपनी जिम्मेदारी : विधायक जैन



मंदसौर। शिवना नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए संचालित शिवना शुद्धिकरण अभियान के 152वें दिन रविवार को श्रमदानियों ने नदी में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान नदी के पानी से प्लास्टिक कचरा और जलकुंभी के छोटे पौधे निकाले गए। साथ ही नदी के तटों और आसपास फैले कचरे की सफाई कर गाजर घास भी उखाड़ी गई। अभियान में विधायक विपिन जैन ने कहा कि शिवना नदी को स्वच्छ रखना केवल पिछले 18 माह से नियमित श्रमदान कर रहे लोगों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह शहर के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य भी है। उन्होंने नगरवासियों से नदी की स्वच्छता के लिए आगे आने और जनभागीदारी निभाने की अपील की। जैन ने बताया कि रविवार को अभियान के दौरान सामान्य सफाई के साथ जलकुंभी के शुरुआती फैलाव को रोकने पर विशेष ध्यान दिया गया, ताकि इसके पौधे आगे बढ़कर नदी के बड़े हिस्से में न फैलें। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता से शिवना को स्वच्छ और निर्मल बनाने के प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। 152वें दिन के श्रमदान में विधायक विपिन जैन के साथ रमेश सोनी, हेमराज खाबिया, भंवरलाल प्रजापत, राकेश जैन पिंटू, बालकृष्ण पोरवाल, बालकृष्ण दवे, रफत पयामी, इष्टा भाचावत, राखी सत्रावाला, अनीता भदोरिया, प्रमिला पंवार, कौशल्या त्रिवेदी, दीपाली पोरवाल, दलौदा सगरा गांव के ईश्वरलाल मालवीय और गणेशराम मालवीय सहित राजनारायण लाड़, विकास दशोरा, दिलीप देवड़ा, संजय नाहर, गणपत कुमावत, अजय सोनी, अकरम खान, आमीन खान, अंसार मेव, दिनेश चौधरी, संजय बारोट, राजेश चौधरी, राकेश सेन और ऋषिराज लाड़ ने श्रमदान किया।

# खंडवा ने अलीराजपुर को 3 विकेट से हराया



खरगौन। खरगौन में डिवीजनल सीनियर डिस्ट्रीक टू डेस क्रिकेट टूर्नामेंट का तीसरा मैच अलीपुर खंडवा के बीच स्टेडियम पर शुरू हुआ खंडवा ने स्टॉकिंग्स फील्डिंग ली, अलीराजपुर की टीम ने 33 ओवर में 10 विकेट लिए और अलीराजपुर की टीम ने 129 रन बनाए, अलीराजपुर केकमल रावत ने खंडवा की ओर से सर्वाधिक 33 रन बनाए और जुनेद खान ने 3 विकेट लिए। खंडवा ने अलीराजपुर की ओर से पहली पारी में 129 रन के लक्ष्य के साथ 49.3 ओवर में 10 विकेट की हानि के साथ अलीराजपुर की ओर से 5 रन की बढ़त ली। आज ही के दिन अलीराजपुर की टीम ने दूसरी पारी में 5 ओवर में एक विकेट खोकर 19 रन का खेल खत्म होने तक का खेल जारी रखा है मैच के दूसरे दिन अलीराजपुर अपनी दूसरी पारी में 161 पार ऑल आउट होगी 35.1 ओवर अलीराजपुर की और से कादिर ने 60 रन बनाए और खंडवा की और से गौरव और जसपाल ने 4-4 विकेट लिए। जवाब मैं खंडवा को 157 रनों का लक्ष्य मिला खंडवा ने 160 रन 7 विकेट बराबर 28.5 ओवर का लक्ष्य हासिल कर लिया खंडवा 7 विकेट से मैच जीत गया खंडवा की और से हार्दिक महाजन ने 74 रन की पारी खेली जो मैन ऑफ द मैच भी रहे मैच के अंपायर प्रतीक भाटी और नितिन जैन रहे और स्कोर राहुल ठाकुर वही पर्यवेक्षक अमोल गुप्ता रहे।

# नपा ने सीटीयू एवं नव निर्मित सार्वजनिक शौचालय का किया लोकार्पण




खरगोन-नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 मापदण्ड अनुसार स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता एवं शहर के सौंदर्यीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए वच्छता परिवर्तन इकाई अंतर्गत कचरा पड़ाव स्थल का सौंदर्यीकरण एवं कायाकल्प किया गया। साथ ही विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर नवनिर्मित सार्वजनिक शौचालय का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं बेहतर स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाना है। इस अवसर पर नागरिकों को सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने, कचरे का उचित निस्तारण करने एवं सार्वजनिक शौचालयों का नियमित उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। नगर पालिका परिषद खरगोन द्वारा स्वच्छ एवं सुंदर शहर के निर्माण हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। लोकार्पण कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्री छाया जोशी , मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री कमला कोल, स्वास्थ्य अधिकारी श्री प्रकाश चित्ते , कोतवाली थाना खरगोन प्रभारी श्री बी.एल. मंडलोई, सभापति श्री धीरेंद्र चौहान पार्षदगण श्री चंद्रपाल सिंह तोमर, श्री भागीरथ बडोले, सभापति प्रतिनिधि श्री अरविन्द पाटीदार, श्री किशोर राठौड़, स्वच्छता सलाहकार श्री अंकित कानूनगो, श्री विजय मोरे, नगर भाजपा मंत्री श्री स्वप्निल पटेल एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# निमोनिया से बचाव के लिए 'साँस' अभियान शुरू, 28 फरवरी तक चलेगा जागरूकता अभियान

### पल्स पोलियो अभियान के तहत जिले में 1.57 लाख से अधिक बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य

मंदसौर। बच्चों को पोलियो से सुरक्षित रखने और निमोनिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रविवार को जिला चिकित्सालय मंदसौर से पल्स पोलियो एवं 'साँस' (SAANS) अभियान का शुभारंभ किया गया। कलेक्टर दिव्यांक सिंह एवं पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने नवजात शिशुओं को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाकर अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने बताया कि बच्चों में निमोनिया की समय पर पहचान, रोकथाम और त्वरित उपचार के प्रति जागरूकता लाने के लिए जिले में




'साँस' अभियान 28 फरवरी 2027 तक चलाया जाएगा। इसके माध्यम से अभिभावकों को निमोनिया के शुरुआती लक्षणों की जानकारी देकर समय पर उपचार के लिए प्रेरित किया जाएगा। वहीं पल्स पोलियो अभियान के तहत जिले में 1205 बूथ बनाए गए हैं। इनके माध्यम से 1 लाख 57 हजार से अधिक बच्चों को पोलियोरोधी दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के पहले दिन बूथों पर दवा पिलाई जा रही है। जो बच्चे किसी कारणवश बूथ तक नहीं पहुंच पाएंगे, उन्हें 23 एवं 24 नवंबर को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाएंगी। 'साँस' अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग ने संदेश दिया कि चैन की साँस लेगा बचपन, जब आप तुरंत पहचानें निमोनिया के लक्षण। विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में खांसी-जुकाम बढ़ने, तेज गति से सांस चलने, सांस लेते समय पसलियां चलने या छाती का नीचे धंसने तथा तेज बुखार जैसे लक्षण दिखाई देने पर घरेलू उपचार में समय बर्बाद न करें। बच्चे को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लेकर जाएं, ताकि समय पर उपचार मिल सके। शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके द्विवेदी, सिविल सर्जन डॉ. बीएल रावत, एसडीएम शुभम पाटीदार, विनोद डगवार, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुरेश सोलंकी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल पामेचा, शहरी नोडल अधिकारी डॉ. अर्पित यति, जिला मीडिया अधिकारी डॉ. एमएल कश्यप, राकेश शर्मा, महेश धनोतिया, मनीष शर्मा सहित जिला चिकित्सालय के चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी, प्रसूता माताएं एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# अफजलपुर में दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाला आरोपी 36 घंटे में गिरफ्तार




मंदसौर। अफजलपुर थाना पुलिस ने कृषि दवाई की दुकान में चोरी की वारदात का महज 36 घंटे में खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई 1 लाख 19 हजार रुपए की नकदी सहित पूरा मश्रुका बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध पूर्व में हत्या, लूट, नकबजनी, मारपीट और अवैध शराब तस्करी जैसे गंभीर अपराध दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, 20 नवंबर की रात अज्ञात व्यक्ति ने अफजलपुर स्थित एक कृषि दवाई की दुकान में घुसकर गल्ला तोड़ दिया और नकदी सहित दवाई छिड़कने की टंकी, इलेक्ट्रिक तौल कांटा तथा रियलमी कंपनी का मोबाइल चोरी कर लिया था। फरियादी की रिपोर्ट पर 21 नवंबर को थाना अफजलपुर में अपराध क्रमांक 324/2026 के तहत बीएनएस की धारा 331(4) एवं 305(ए) में प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेरसिंह बघेल एवं एसडीओपी मंदसौर ग्रामीण गिरीश जेजूलकर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उप निरीक्षक विकास गेहलोत के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और पूर्व में संपत्ति संबंधी अपराधों में संलिप्त आरोपियों से पूछताछ की। इस दौरान नई आबादी अफजलपुर निवासी सोहनलाल उर्फ सोनू पिता फुंदालाल मोगिया (35) पर संदेह हुआ। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने चोरी की वारदात करना स्वीकार किया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की गई 1 लाख 19 हजार रुपए नकदी, 6 हजार रुपए कीमत का इलेक्ट्रिक तौल कांटा, 30 हजार रुपए कीमत का रियलमी मोबाइल और 3 हजार रुपए कीमत का दवाई छिड़कने का स्प्रे पंप बरामद किया। इसके अलावा वारदात में प्रयुक्त लोहे की फावड़ी और दराता भी जब्त किया गया है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार सोहनलाल उर्फ सोनू के विरुद्ध अफजलपुर, नारायणगढ़ और कालूखेड़ा थानों में हत्या, चोरी, नकबजनी, लूट, मारपीट और आबकारी अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में कुल 10 आपराधिक प्रकरण पूर्व से दर्ज हैं। मामले में पुलिस की अग्रिम विवेचना जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक विकास गेहलोत एवं अफजलपुर थाना पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बैतूल में 50 करोड़ से बनेगा क्रिकेट ग्राउंड, 20 करोड़ का ऑडिटोरियम भी होगा तैयार

बैतूल। बैतूल शहर के विकास को नई दिशा देने के लिए पेयजल, खेल, सांस्कृतिक सुविधाओं और नगरीय अधोसंरचना के विस्तार की योजनाओं पर काम किया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक बैतूल श्री हेमंत खंडेलवाल ने दो करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले नए नगर पालिका भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम में शहर के आगामी विकास की रूपरेखा साझा की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा बैतूल नगर पालिका को पेयजल व्यवस्था के लिए 50 करोड़ रुपये देने की घोषणा की गई है। इस राशि से नया फिल्टर प्लांट और पाइपलाइन विकसित करने की योजना है। इसके अलावा बैतूल में लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक ऑडिटोरियम तथा 50 करोड़ रुपये की लागत से क्रिकेट ग्राउंड विकसित किया जाएगा। विधायक श्री खंडेलवाल ने कहा कि लगभग 200 वर्ष पुरानी नगर पालिका का वर्तमान भवन शहर की बढ़ती आबादी और प्रशासनिक आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं है। बैतूल की आबादी में लगातार वृद्धि हुई है और आसपास के क्षेत्र भी शहर के रूप में विकसित हो रहे हैं। इसी को देखते हुए दो करोड़ रुपये की लागत से मल्टीस्टोरी नगर पालिका भवन बनाया जाएगा।

# 11 करोड़ की ठगी के मामले में मंदसौर पुलिस टीम का सम्मान, 15 पुलिसकर्मियों को डीजीपी ने दिया नकद पुरस्कार

मंदसौर। मैट्रिमोनियल साइट पर एनआरआई बनकर लोगों से दोस्ती करने और ब्लैकमेलिंग के जरिए करीब 11 करोड़ रुपये की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करने वाली मंदसौर पुलिस की टीम को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया है। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने इस मामले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जिले के 15 पुलिसकर्मियों को नकद पुरस्कार प्रदान कर उनकी सराहना की। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना ने बताया कि शामगढ़ पुलिस द्वारा उजागर किए गए इस मामले में गठित विशेष टीम ने देश के विभिन्न शहरों में दबिश देकर गिरोह के सरगना सहित 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। मामले की जांच में आरोपियों के पाकिस्तान और नेपाल से जुड़े कनेक्शन भी सामने आए थे। पुलिस की इस प्रभावी कार्रवाई को उत्कृष्ट उपलब्धि मानते हुए डीजीपी ने टीम के सदस्यों को पुरस्कृत किया। पुरस्कार के तहत तत्कालीन थाना प्रभारी कपिल सौराष्ट्रीय को 10 हजार रुपये, हेड कांस्टेबल आशीष बैरागी को 7 हजार रुपये तथा आरक्षक मनीष बघेल को 5 हजार रुपये की नकद राशि दी गई। वहीं साइबर सेल के एसआई सत्येंद्र सोनी एवं एसआई शैलेंद्र सिंह कनेश को 4-4 हजार रुपये प्रदान किए गए।

# शिक्षा संजीवनी अभियान से शासकीय विद्यालयों को मिल रही नई सौगात, 20 स्कूलों को 219 डेस्क-बेंच वितरित




बैतूल। शासकीय विद्यालयों में मूलभूत शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार एवं विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर डॉ सौरभ संजय सोनवणे के मार्गदर्शन में संचालित शिक्षा संजीवनी अभियान के सकारात्मक परिणाम अब धरातल पर दिखाई देने लगे हैं। इसी क्रम में विकासखंड घोड़ाडोंगरी के जनशिक्षा केंद्र बटकिडोह में डेस्क-बेंच वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती वत्सला शिवहरे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री पूनम वरकड़े , जिला परियोजना समन्वयक श्री सुधीर कुमार साकेत, सहायक संचालक श्री सुनील कुमार जैन, विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री दिनेश मानकर, बीआरसीसी श्री पीसी बोस , एपीसी श्री राजेश तुरिया एवं जनपद पंचायत घोड़ाडोंगरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रमोद मीना की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंतर्गत जनशिक्षा केंद्र बटकिडोह के 20 शासकीय विद्यालयों को कुल 219 डेस्क-बेंच प्रदान की गईं। इससे इन विद्यालयों के 577 विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। जनसहयोग एवं विभागीय समन्वय से लगभग 3.50 लाख रुपये मूल्य की सामग्री विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कराई गई। कलेक्टर डॉ.सोनवणे के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से संचालित शिक्षा संजीवनी अभियान का उद्देश्य केवल शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि समाज, प्रशासन एवं विभिन्न विभागों की सहभागिता से शासकीय विद्यालयों को बेहतर एवं सुविधायुक्त बनाना भी है। अभियान के माध्यम से विद्यालयों की आवश्यकताओं को चिन्हित कर जनसहयोग एवं विभागीय समन्वय से उनकी पूर्ति के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस पहल से विद्यार्थियों को बैठने की बेहतर सुविधा मिलेगी तथा उनके लिए अधिक अनुकूल एवं सम्मानजनक शिक्षण वातावरण तैयार होगा। साथ ही यह अभियान शासकीय विद्यालयों के विकास में सामुदायिक सहभागिता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को भी मजबूत कर रहा है।




मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी उपेन्द्र तिवारी द्वारा प्रदेशवॉच मीडिया ग्रुप 11 प्रेस कम्प्लेक्स जोन 1 एमपी नगर भोपाल से मुद्रित एवं बी-14 कस्तूरबा नगर भोपाल से प्रकाशित। सम्पादक : अभिमन्यु तिवारी,सहायक सम्पादक : शैलेन्द्र तिवारी।
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल होगा। ( समाचार प्रकाशन के लिये पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार* ) आर.एन.आई. पंजीयन क्रमांक 61858/95, मो. 8602000710 , 8602000701

दैनिक
# राष्ट्रीय गरिमा
शुभ प्रभात
www.rashtriyagarima.com
भोपाल, सोमवार 23 नवम्बर 2026

**सास को नशीली दवा खिलाकर बैंक खाते से 1.84 करोड़ किये साफ**

अहमदाबाद। गुजरात के अहमदाबाद के पालडी में एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहाँ एक बहू पर अपनी 79 वर्षीय सास को नशीली दवाएं खिलाकर 1.84 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने का आरोप लगा है। इस मामले में बुजुर्ग महिला ने पालडी पुलिस स्टेशन में अपनी बहू के खिलाफ विश्वासघात और धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार, पालडी निवासी जयश्रीबेन के बेटे अभिषेक का 2024 में निधन हो गया था।

**साइबर ठगी के लिए बैंक खाते खरीदने वाले गिरोह का पर्दाफाश**

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की शाहदरा जिला साइबर थाना टीम ने देशभर में साइबर ठगी के लिए बैंक खातों की खरीद-फरोख्त करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान उत्तराखंड के उधम सिंह नगर निवासी 24 वर्षीय भाग सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से छह मोबाइल फोन, विभिन्न बैंकों के 15 डेबिट कार्ड, नौ चेकबुक, चार पासबुक और नौ सिम कार्ड बरामद किए हैं।

# राफेल विमानों की संख्या पर ब्रिटिश मैगजीन के दावे से मचा बवाल

**4 जेट कम होने की रिपोर्ट को पूर्व एयर चीफ नर्मदेश्वर तिवारी ने किया खारिज**



नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना की ताकत के प्रतीक राफेल लड़ाकू विमानों को लेकर एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भ्रम फैलाने की कोशिश की गई है। ब्रिटिश एविएशन मैगजीन 'फ्लाइटग्लोबल' ने अपनी एक ताजा रिपोर्ट में दावा किया है कि भारतीय वायुसेना के पास मौजूद सक्रिय राफेल विमानों की संख्या में चार की कमी आई है। भारत ने फ्रांस से कुल 36 राफेल लड़ाकू विमान खरीदे थे,लेकिन मैगजीन ने अपनी सूची में वर्तमान में केवल 32 राफेल विमानों को ही ऑपरेशनल बताया है। बिना किसी ठोस सबूत के पाकिस्तान के दावों पर मुहर लगाने की कोशिश करती इस रिपोर्ट पर पूर्व वाइस एयर चीफ नर्मदेश्वर तिवारी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेवा देने वाले नर्मदेश्वर तिवारी ने इस रिपोर्ट को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि मैगजीन को अपने स्रोतों की दोबारा जांच करने की सख्त जरूरत है। पूर्व वाइस एयर चीफ नर्मदेश्वर तिवारी ने ब्रिटिश मैगजीन के विरोधाभासी आंकड़ों पर सवाल उठाते हुए इसकी विश्वसनीयता को कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह वही मैगजीन है, जिसने ऑपरेशन सिंदूर के बाद जारी अपनी रिपोर्ट में 35 सक्रिय राफेल विमानों का जिक्र किया था,लेकिन अब अचानक संख्या घटाकर 32 बता रही है। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी उजागर किया कि कथित तौर पर जिस विमान को गिराए जाने का दावा करते हुए उसका टेल नंबर बताया गया था, वह विमान उसके बाद भी कई युद्धाभ्यासों में हिस्सा ले चुका है। ऐसे में मैगजीन की यह रिपोर्ट पूरी तरह तथ्यों से परे नजर आती है। ब्रिटिश एविएशन मैगजीन फ्लाइटग्लोबल ने भारतीय वायुसेना के विमानों की सूची जारी कर राफेल की संख्या को लेकर सनसनी तो फैला दी, लेकिन किसी भी तरह की कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए बेहद चालाकी से अपनी जिम्मेदारी से पल्ला भी झाड़ लिया है। मैगजीन ने इस जानकारी के ठीक नीचे एक छोटा सा नोट लगाया है, जिसमें साफ लिखा गया है कि दी गई जानकारी में किसी भी तरह की गलती होने पर फ्लाइटग्लोबल की कोई कानूनी जिम्मेदारी नहीं होगी। इसके साथ ही मैगजीन ने राफेल विमानों की संख्या में कमी बताने वाले इस दावे के पीछे किसी भी आधिकारिक या पुख्ता स्रोत की जानकारी भी साझा नहीं की है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से ही पाकिस्तान लगातार भारतीय विमानों को गिराने का झूठा दावा कर रहा है और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी अपने बयानों में इसका जिक्र करते रहे हैं। अब सवाल यह उठ रहा है कि आखिर फ्लाइटग्लोबल की इस रिपोर्ट का असली स्रोत क्या है। एक सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए यह दावा सामने आया है कि मैगजीन ने इस रिपोर्ट के लिए पाकिस्तान समर्थक पत्रकार एलन वॉर्न्स की रिपोर्टिंग का सहारा लिया है। गौरतलब है कि वॉर्न्स को लेकर यह बात सामने आ चुकी है कि पाकिस्तानी वायुसेना ने अपना प्रोपेगेंडा फैलाने के लिए उन्हें 34,000 पाउंड का भुगतान किया था।

# तिरुपरंकुंद्रम पहाड़ी पर दीपम जलाने की अनुमति से श्रद्धालुओं में खुशी

**मुरुगन मंदिर के सामने 108 नारियल फोड़ कर की गई विशेष पूजा-अर्चना**



मदुरै। तमिलनाडु के ऐतिहासिक शहर मदुरै स्थित तिरुपरंकुंद्रम पहाड़ी पर दरगाह के पास बने दीपस्तंभ पर कार्तिगई दीपम जलाने की अनुमति मिलने से श्रद्धालुओं और हिंदू संगठनों में खुशी की लहर है। उच्चतम न्यायालय ने दीपस्तंभ पर दीप प्रज्वलित करने की अनुमति देते हुए इसके लिए कई शर्तें निर्धारित की हैं। अदालत ने स्पष्ट किया है कि यह अंतरिम आदेश केवल इस वर्ष के कार्तिगई दीपम पर्व पर लागू होगा। मामले में आगे भी सुनवाई जारी रहेगी और अंतिम निर्णय बाद में सुनाया जाएगा। उच्चतम न्यायालय के अंतरिम आदेश का स्वागत करते हुए तिरुपरंकुंद्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), हिंदू मुन्नानी तथा हिंदू मक्कल काची सहित विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता एकत्र हुए। इस दौरान लोगों ने मिठाइयां बांटकर खुशी जताई। तिरुपरंकुंद्रम मुरुगन मंदिर के सामने 108 नारियल फोड़े गए और कपूर जलाकर विशेष पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के आदेश से तिरुपरंकुंद्रम के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होने का रास्ता साफ हुआ है। उन्होंने इसे स्थानीय लोगों, मुरुगन भक्तों और हिंदू संगठनों के साथ भगवान सुब्रमण्य स्वामी की भी जीत बताया। उनका कहना था कि उनके पूर्वजों ने दीपस्तंभ पर दीप जलाने की परंपरा देखी थी और अब उन्हें भी यह अवसर मिलने जा रहा है। उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार, दीप प्रज्वलन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए मदुरै के जिला कलेक्टर, पुलिस और पुरातत्व विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय से काम करना होगा। दीपस्तंभ तक केवल अधिकृत व्यक्तियों को ही जाने की अनुमति होगी। मंदिर और सरकारी विभागों के अधिकारी ही दीप जलाने की प्रक्रिया में शामिल हो सकेंगे। इनके चयन की जिम्मेदारी जिला कलेक्टर को सौंपी गई है। अदालत ने सुरक्षा व्यवस्था के तहत दीपस्तंभ के आसपास नारेबाजी करने और भीड़ एकत्र करने पर रोक लगाई है। दीप जलाने के दौरान आम लोगों को स्तंभ वाले स्थान तक जाने की अनुमति नहीं होगी। वहां केवल जिला कलेक्टर की ओर से अधिकृत व्यक्ति ही पहुंच सकेंगे। उच्चतम न्यायालय ने पुलिस आयुक्त को उचित सुरक्षा व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। आवश्यकता पड़ने पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों की तैनाती भी की जा सकती है। आदेश के मुताबिक, कार्तिगई दीपम के दिन दीपस्तंभ पर केवल एक बार दीप जलाया जा सकेगा। इसके लिए अधिकृत टीम का चयन भी जिला कलेक्टर करेंगे। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह अनुमति केवल इस वर्ष के पर्व के लिए है। अंतिम निर्णय आने में देरी होने की स्थिति में भी यह आदेश अगले वर्ष स्वत: लागू नहीं होगा। उल्लेखनीय है कि भगवान मुरुगन के छह प्रमुख निवास स्थलों (अरुपडै वीडु) में प्रथम माने जाने वाले तिरुपरंकुंद्रम सुब्रमण्य स्वामी मंदिर की धार्मिक और ऐतिहासिक परंपराएं विशिष्ट हैं।

# दो से अधिक बच्चों वालों को न मिले कोई सरकारी लाभ : बाबा रामदेव

**योग गुरू बाबा रामदेव ने जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग की**



गोंडा। योग गुरु बाबा रामदेव ने भारत में जल्द से जल्द जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के दो से अधिक बच्चे हैं, उन्हें सरकारी सुविधाओं से वंचित कर दिया जाना चाहिए। पत्रकारों से बात करते हुए रामदेव ने कहा, भारत में जल्द से जल्द जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू किया जाना चाहिए, जिनके दो से अधिक बच्चे हैं, उन्हें सभी सरकारी सुविधाओं से वंचित कर दिया जाना चाहिए। जो लोग और अधिक बच्चे पैदा करना चाहते हैं, उन्हें कम से कम इसके परिणामों के बारे में सोच लेना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि दुनिया में लगभग 56 देश ऐसे हैं, जिन्हें मुस्लिम-बहुसंख्यक राष्ट्र माना जाता है, जबकि करीब 60-70 देशों में मुस्लिम आबादी तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा, दुनिया में लगभग 56 देश ऐसे हैं, जिन्हें मुस्लिम-बहुसंख्यक राष्ट्र माना जाता है और करीब 60-70 देशों में मुस्लिम आबादी तेजी से बढ़ रही है। सभी मुसलमानों को इस बात पर विचार करना चाहिए कि वे अत्यधिक जनसंख्या न बढ़ाएं, बल्कि ऐसे बच्चों का पालन-पोषण करें, जो बुद्धिमान, समझदार,अच्छे संस्कार वाले,नैतिक, स्वतंत्र और आत्मनिर्भर हों। संख्या बढ़ाने के बजाय, एक 'गुणवत्तापूर्ण' (बेहतर) आबादी तैयार करने पर ध्यान दिया जाना चाहिए। रामदेव ने यह भी दावा किया कि भारत में लगभग 99 प्रतिशत मुसलमान धर्मांतरित हैं। उन्होंने कहा, भारत में लगभग 99 प्रतिशत मुसलमान धर्मांतरित हैं और उनके पूर्वज एक ही हैं। सभी मुसलमानों को इस बात पर गर्व होना चाहिए कि उनके पूर्वज भी राम, कृष्ण, हनुमान, शिव, देवी-देवताओं और ऋषियों-मुनियों से जुड़े हुए थे। सभी मुसलमानों को उनके बताए रास्ते पर चलना चाहिए। धर्म अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन हमारे पूर्वज, डीएनए, संस्कृति, संस्कार और नैतिक परंपराएं अलग नहीं हो सकतीं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता सावित्री देवी के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए रामदेव ने कहा कि उन्होंने एक ऐसे महान पुत्र को जन्म दिया, जिसने वैश्विक मंच पर सनातन धर्म और राष्ट्रीय कर्तव्य की महिमा को स्थापित किया।

# उत्तर प्रदेश चुनाव में जिताऊ उम्मीदवार की शर्त से भाजपा की बढ़ी टेंशन

**चुनाव में विपक्ष की रणनीति के बाद भाजपा को मजबूत उम्मीदवार की तलाश**



लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की सरगर्मियां तेज हो गई हैं, जहां सभी प्रमुख दल अपनी रणनीति को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। वहीं भाजपा ने विपक्ष की इस रणनीति के चलते उत्तर प्रदेश में मजबूत और दमदास प्रत्याशी की तलाश शुरू कर दी है। वहीं समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कांग्रेस के सामने सीट बंटवारे को लेकर एक ऐसी शर्त रखी है, जो न सिर्फ कांग्रेस बल्कि बीजेपी के लिए भी चिंता का सबब बन सकती है। सपा प्रमुख का साफ कहना है कि सीट शेयरिंग केवल जिताऊ उम्मीदवारों के आधार पर ही होगी। यानी, जिस सीट पर जिसका जिताऊ उम्मीदवार होगा, उसी दल को वह सीट मिलेगी। यह शर्त कांग्रेस की सीटों की संख्या में कटौती कर सकती है, लेकिन यही बीजेपी के लिए चुनौती बढ़ा सकती है। दस साल के कार्यकाल के बाद बीजेपी एंटी-इनकंबेंसी का भी सामना कर रही है। ऐसे में अगर कांग्रेस के कमजोर प्रत्याशी मैदान में होते, तो बीजेपी के लिए राह आसान हो सकती थी। लेकिन अब ज्यादातर सीटों पर सीधा मुकाबला समाजवादी पार्टी के मजबूत प्रत्याशियों से होने की संभावना है। अखिलेश यादव अपने कार्यकर्ताओं का उत्साह किसी भी कीमत पर कम नहीं होने देना चाहते हैं। गोरखपुर में आयोजित पीडीए रैली में उमड़ी भीड़ इसका सबूत है। ऐसे में सपा चाहती है कि गठबंधन में उसे बड़े भाई की भूमिका मिले। हालांकि, कांग्रेस लगातार 50-50 के अनुपात में सीटों के बंटवारे की बात करती रही है। कुछ दिन पहले कांग्रेस ने 181 सीटें मांगने की बात कही थी, जिसके बाद सोशल मीडिया पर सपा द्वारा कांग्रेस को 54 सीटों के ऑफर की खबरें भी प्रसारित हुईं, हालांकि इसकी पुष्टि किसी भी दल ने नहीं की। रिपोर्ट्स के अनुसार, सपा कांग्रेस को 50 से 60 सीटों के बीच ही देना चाहती है। 18 नवंबर को प्रस्तावित बैठक के टलने से यह स्पष्ट हो गया कि कांग्रेस सपा के मौजूदा प्रस्ताव पर सहमत नहीं है। सीट बंटवारे को लेकर अभी कोई निश्चित तारीख सामने नहीं आई है, लेकिन चर्चा है कि 22 से 24 नवंबर के बीच यह महत्वपूर्ण बैठक हो सकती है।

# दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण से नहीं मिल रही राहत,एक्यूआई 279 पर पहुंचा



**राजधानी का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स फिर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया**

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और एनसीआर में वायु प्रदूषण का स्तर एक बार फिर चिंता बढ़ाने लगा है। रविवार की सुबह दिल्ली की हवा खराब श्रेणी में दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, सुबह 7 बजे दिल्ली का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 279 रिकॉर्ड किया गया। वहीं, राजधानी के कई इलाकों में प्रदूषण का स्तर 300 के पार पहुंच गया,जहां हवा बहुत खराब श्रेणी में बनी हुई है। दिल्ली के कुछ प्रमुख इलाकों में वायु गुणवत्ता की स्थिति बेहद चिंताजनक रही। एम्स में एक्यूआई 369 और चांदनी चौक में 365 दर्ज किया गया। इसके अलावा वजीरपुर में 332, आनंद विहार में 327,आईआईटी दिल्ली में 308 और बवाना में 304 एक्यूआई रिकॉर्ड किया गया। इन इलाकों में हवा बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गई है। वहीं,आरके पुरम में एक्यूआई 274,आईजीआई एयरपोर्ट (टी-3) पर 242, नजफगढ़ में 236,नरेला में 245 और द्वारका सेक्टर-8 में 241 दर्ज किया गया। इन क्षेत्रों में हवा की गुणवत्ता खराब श्रेणी में बनी हुई है। राजधानी दिल्ली के साथ-साथ एनसीआर के शहरों में भी प्रदूषण से राहत नहीं मिल रही है। शनिवार को गाजियाबाद का एक्यूआई 244 और नोएडा का 255 दर्ज किया गया। वहीं, ग्रेटर नोएडा में एक्यूआई 197 रिकॉर्ड हुआ। हालांकि,नोएडा के सेक्टर-62 में स्थिति अधिक गंभीर रही,जहां एक्यूआई 343 तक पहुंच गया और हवा बहुत खराब श्रेणी में दर्ज की गई। बता दें कि, एक्यूआई का स्तर 0 से 50 तक अच्छा,51 से 100 संतोषजनक,101 से 200 मध्यम, 201 से 300 खराब,301 से 400 बहुत खराब और 401 से 500 गंभीर श्रेणी में माना जाता है। दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के पहले और दूसरे चरण की पाबंदियां लागू हैं। हालांकि,17 नवंबर को वायु गुणवत्ता में अस्थायी सुधार को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने जीआरएपी के तीसरे चरण की पाबंदियां हटा दी थीं। इसके बाद स्कूलों में सभी कक्षाओं के लिए ऑफलाइन पढ़ाई भी फिर से शुरू कर दी गई थी। मौसम में बदलाव और हवा की धीमी रफ्तार के कारण आने वाले दिनों में प्रदूषण का स्तर और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

## पुष्कर मेले में पहली बार बकरे-बकरियों की हुई सौंदर्य प्रतियोगिता

अजमेर। अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर मेला,अपनी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक परंपराओं के साथ-साथ पशुओं के व्यापार के लिए प्रसिद्ध है। इस बार मेले के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है,जब पहली बार बकरियों और बकरों की सौंदर्य और नस्ल प्रतियोगिता हुई। मेले में इस खास आयोजन में बेस्ट राजा और बेस्ट सुंदरी के खिताब के लिए राजस्थान के कई शहरों और ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में पशुपालक अपने बेहतरीन पशुओं के साथ शामिल हुए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस अनोखी पहल ने मेले में आए देशी और विदेशी पर्यटकों का ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिता में पशुपालकों ने पूरे उत्साह के साथ अपनी उन्नत नस्ल के बकरे और बकरियों का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने न केवल अपने पशुओं की शारीरिक बनावट और सुंदरता दिखाई,बल्कि निर्णायक मंडल और दर्शकों को उनकी नस्ल की विशेषताओं से अवगत भी कराया। पशुपालकों ने जानकारी देते हुए समझाया कि उनकी बकरियां और बकरे दूध उत्पादन क्षमता, शारीरिक शक्ति और नस्ल सुधार के लिहाज से क्यों इतने बेहतर हैं।



राष्ट्र भक्ति की अलख जगाता दैनिक
राष्ट्रीय गरिमा
राष्ट्र एक बगीचा है और हम सब इसके माली
भोपाल, सोमवार 23 नवम्बर 2026
www.rashtriyagarima.com



## सम्पादकीय

### और कोई हल नहीं!

अस्थायी या अनुबंध आधारित नौकरियां सामान्यत: पूर्णकालिक नौकरियों से कम वेतन वृद्धि और कम सुविधाएं देती हैं। इसलिए सवाल नौकरियां पैदा होने का नहीं, बल्कि यह है कि क्या वे पर्याप्त आय प्रदान कर रही हैं? आंकड़ों में कथित हेरफेर के जरिए चकमदार सुर्खियां बनवाने की नरेंद्र मोदी सरकार की प्राथमिकता जग-जाहिर रही है। लेकिन इनके बीच सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन एक ऐसी शख्सियत जरूर हैं, जो अक्सर हकीकत को मानते सुन लिए जाते हैं। अब फिर उन्होंने कुछ ऐसा कहा है, जो सरकारी प्रचार से अलग है। एक इंटरव्यू में नागेश्वरन ने कहा कि समस्या नौकरी पैदा होने की उतनी नहीं है, जितनी नौकरी से आमदनी होने की है। उन्होंने कहा- 'विभिन्न सर्वेक्षणों और निजी क्षेत्र के आंकड़ों, जैसेकि नौकरी पोर्टलों के डेटा से पता चलता है कि नौकरियां बन रही हैं। लेकिन उनमें से अधिकतर अस्थायी या अनुबंध आधारित हैं। ऐसी नौकरियां आम तौर पर पूर्णकालिक नौकरियों की तुलना में कम वेतन वृद्धि और कम सुविधाएं देती हैं। इसलिए सवाल नौकरियां पैदा होने का नहीं, बल्कि यह है कि क्या वे पर्याप्त आय प्रदान कर रही हैं?' यही सवाल सरकारी कथानकों से असहमत अर्थशास्त्री और विश्लेषक वर्षों से उठा रहे हैं। लेकिन उन पर ध्यान देने के बजाय सरकार ने रोजगार की परिभाषा ही बदलने का रास्ता अपनाया है। इस दौरान खेती या छोटे घरेलू कारोबार में अवैतनिक सहयोग करने वाले परिजनों को भी रोजगार-शुदा बताया जाने लगा है। ऐसे आंकड़ों के जरिए श्रम-शक्ति में अधिक भागीदारी और कम बेरोजगारी दर के दावे किए गए हैं। बहरहाल, अब सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार ने भी इस अति-महत्त्वपूर्ण प्रश्न से सहमति जताई है। हालांकि समाधान क्या है, इस पर उनके पास कहने को ज्यादा कुछ नजर नहीं आता। नागेश्वरन ने सरकारी प्रयासों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का भी उल्लेख किया, जिसके बेअसर रहने की खबरें अक्सर मीडिया में आती रही हैं। फिर उन्होंने मुक्त व्यापार समझौतों के जरिए श्रम-प्रधान वस्तुओं और सेवाओं के लिए नए बाज़ार खोलने की कोशिश, और अर्थव्यवस्था को विनियमित करने के फैसलों का उल्लेख किया। उन्होंने माना कि कोविड के बाद आर्थिक पुनरुद्धार मुख्य रूप से पूंजी निवेश और मुनाफे पर आधारित रहा है, ना कि रोजगार और आय वृद्धि पर। लेकिन क्या अब सरकार जो कदम उठा रही है, उसकी दिशा इससे अलग है?

# कोई किसी की बी टीम नहीं होता

**अजीत द्विवेदी**


> हो सकता है कि इन आरोपों में कुछ सचाई हो लेकिन किसी भी पार्टी की राजनीति का आकलन इस आधार पर नहीं किया जा सकता है कि उसके पीछे की प्रेरणा क्या थी? अगर यह देखेंगे तो 141 साल बाद भी इसमें अटके रह जाएंगे कि अंग्रेजों ने कांग्रेस पार्टी बनवाई थी और एओ ह्यूम उसके पहले अध्यक्ष थे। कांग्रेस का आकलन इस आधार पर नहीं किया जा सकता है कि अंग्रेजों ने सेफ्टी वॉल्व के तौर पर उसका गठन कराया था। उसका आकलन आजादी की लड़ाई में उसके ऐतिहासिक योगदान से होता है। इसलिए आम आदमी पार्टी का आकलन भी उसकी राजनीति और चुनाव में उसके प्रदर्शन के आधार पर होगा। अगर आम आदमी पार्टी के प्रदर्शन की बात करें तो उसने दिल्ली में लगातार दो चुनाव भारतीय जनता पार्टी को हराया। 2015 के चुनाव में तो भाजपा सिर्फ तीन सीट पर आ गई थी। 2020 के चुनाव में उसका प्रदर्शन सुधरा तो वह आठ सीट जीती। तभी 2025 के चुनाव से पहले केजरीवाल की गिरफ्तारी हुई और वे जेल गए। अगर केंद्रीय एजेंसियों द्वारा प्रताड़ित किए जाने वाले नेताओं की गिनती होगी तो आम आदमी पार्टी अव्वल आएगी।

देश के राजनीतिक दलों को और खास कर बड़े नेताओं को इस तरह की टिप्पणी बंद कर देनी चाहिए कि अमुक पार्टी अमुक पार्टी की बी टीम है। अभी कांग्रेस के सभी बड़े नेता पंजाब गए थे, जहां संगरूर में राहुल गांधी की रैली में भाषण करते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे ने आम आदमी पार्टी के लिए कहा कि वह भाजपा की बी टीम है। यह बात कांग्रेस के कई नेता पहले से कहते रहे हैं। अन्ना हजारे के आंदोलन के समय से अरविंद केजरीवाल पर इस तरह के आरोप लगते रहे कि वे भाजपा और राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ की मदद से आंदोलन कर रहे थे। जब उन्होंने पार्टी बनाई तब भी कहा गया कि भाजपा और संघ ने पार्टी बनवाई है। हो सकता है कि इन आरोपों में कुछ सचाई हो लेकिन किसी भी पार्टी की राजनीति का आकलन इस आधार पर नहीं किया जा सकता है कि उसके पीछे की प्रेरणा क्या थी? अगर यह देखेंगे तो 141 साल बाद भी इसमें अटके रह जाएंगे कि अंग्रेजों ने कांग्रेस पार्टी बनवाई थी और एओ ह्यूम उसके पहले अध्यक्ष थे। कांग्रेस का आकलन इस आधार पर नहीं किया जा सकता है कि अंग्रेजों ने सेफ्टी वॉल्व के तौर पर उसका गठन कराया था। उसका आकलन आजादी की लड़ाई में उसके ऐतिहासिक योगदान से होता है। इसलिए आम आदमी पार्टी का आकलन भी उसकी राजनीति और चुनाव में उसके प्रदर्शन के आधार पर होगा। अगर आम आदमी पार्टी के प्रदर्शन की बात करें तो उसने दिल्ली में लगातार दो चुनाव भारतीय जनता पार्टी को हराया। 2015 के चुनाव में तो भाजपा सिर्फ तीन सीट पर आ गई थी। 2020 के चुनाव में उसका प्रदर्शन सुधरा तो वह आठ सीट जीती। तभी 2025 के चुनाव से पहले केजरीवाल की गिरफ्तारी हुई और वे जेल गए। अगर केंद्रीय एजेंसियों द्वारा प्रताड़ित किए जाने वाले नेताओं की गिनती होगी तो आम आदमी पार्टी अव्वल आएगी। इससे ज्यादा किसी और पार्टी के नेता जेल नहीं भेजे गए और ऐसा नहीं है कि छोटे मोटे नेता जेल भेजे गए। अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह यानी शीर्ष तीन नेता जेल गए। सत्येंद्र जैन और अन्य नेता भी जेल गए। अगर वह भाजपा की बी टीम है तो उसके नेताओं के साथ कम से कम ऐसा बरताव तो नहीं होना चाहिए! दूसरी बात यह है कि अगर आम आदमी पार्टी भाजपा की बी टीम है तो 2013 के चुनाव के बाद कांग्रेस ने भाजपा को सरकार बनाने से रोकने के लिए आप को समर्थन देकर केजरीवाल को सीएम क्यों बनवाया था? उससे भी बड़ा सवाल यह है कि 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने आप को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ब्लॉक में क्यों शामिल किया था? क्यों लोकसभा चुनाव में दिल्ली और हरियाणा में केजरीवाल की पार्टी के साथ कांग्रेस ने तालमेल किया था? क्या यह कांग्रेस की हिप्पोक्रेसी नहीं है कि वह एक तरफ आम आदमी पार्टी से चुनावी तालमेल करती है, सीट शेयरिंग



करके चुनाव लड़ती है और फिर पंजाब की बारी आती है तो उसको भाजपा की बी टीम बता देती है? यह सिर्फ आम आदमी पार्टी के बारे में नहीं है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी से लेकर तृणमूल कांग्रेस और राजद तक ऐसे ही असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुसलमीन यानी एआईएमआईएम को भी भाजपा की बी टीम बताते हैं। जहां भी एमआईएम चुनाव लड़ने पहुंचती है वहां कांग्रेस और अन्य पार्टियों के नेता उसको भाजपा की बी टीम बताना शुरू कर देते हैं। हालांकि इसमें कोई संदेह नहीं है कि राष्ट्रीय राजनीति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और असदुद्दीन ओवैसी की उपलब्धियां समानुपातिक हैं। जिस अनुपात में भाजपा आगे बढ़ी है उसी अनुपात में एमआईएम भी बढ़ी है। पिछले 12 साल में एमआईएम पुराने हैदराबाद की गलियों से निकल कर देश भर की पार्टी बन गई है। 2019 के लोकसभा चुनाव में तो उसने महाराष्ट्र की औरंगाबाद लोकसभा सीट भी जीत ली थी। बिहार में लगातार दो चुनावों से उसके पांच विधायक जीत रहे हैं। महाराष्ट्र में नगर निगम चुनाव में भी पार्टी ने अच्छा प्रदर्शन किया। दिल्ली में भी पार्टी ने पैर जमा लिए हैं। लेकिन इस आधार पर एमआईएम को भाजपा की बी टीम बताना एक राजनीतिक दल और उसके कार्यकर्ताओं व निर्वाचित प्रतिनिधियों का अपमान करना होगा। हो सकता है कि ओवैसी की राजनीति का लाभ भाजपा को मिलता हो और यह भी संभव है कि उनको मिलने वाले वोट की वजह से कांग्रेस व अन्य भाजपा विरोधी पार्टियों को नुकसान होता हो। लेकिन क्या इस वजह से एमआईएम को राजनीति बंद कर देनी चाहिए? अगर ऐसा होने लगे तो फिर कोई भी प्रादेशिक या छोटी पार्टी राजनीति नहीं कर पाएगी। असल में भारत में पार्टियों को अगर किसी पार्टी से खतरा दिखता है तो उसे तुरंत दूसरी पार्टी का बी टीम बता दिया जाता है। ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल के चुनाव में कांग्रेस और लेफ्ट को ही भाजपा की बी टीम कहती थीं। पिछले कुछ समय से प्रशांत किशोर की जनसुराज पार्टी को भी भाजपा की बी टीम कहा जा रहा है। हालांकि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की बांकीपुर विधानसभा सीट से उनके चुनाव जीतने के बाद यह आरोप थमे हैं। लेकिन कभी भी फिर से कहा जाने लगेगा कि प्रशांत किशोर भाजपा के एजेंट हैं। असल में यह पूरी परिघटना पहले से स्थापित पार्टियों को नई पार्टियों से होने वाली परेशानी को दिखाती है। जब तक ओवैसी हैदराबाद में राजनीति करते थे तब तक ठीक है। लेकिन जैसे ही वे देश भर में अपनी पार्टी का विस्तार करने लगे वैसे ही भाजपा की बी टीम हो गए। ऐसे ही केजरीवाल की राजनीति से कांग्रेस को दिल्ली, गोवा, गुजरात, पंजाब आदि राज्यों में नुकसान हुआ तो वह भाजपा की बी टीम हो गई। जन सुराज पार्टी अगर बिहार में त्रिकोणात्मक मुकाबला बनाती है तो राजद और कांग्रेस की नजर में वह भाजपा की बी टीम है। ऐसे ही अलग अलग राज्यों में अलग अलग पार्टियों के लिए बी टीम की परिभाषा बदलती रहती है। आज जो कांग्रेस की ए टीम है वह कल भाजपा की बी टीम हो सकती है और जो भाजपा की ए टीम है वह कांग्रेस की बी टीम हो सकती है। लेकिन सबको यह ध्यान रखना चाहिए कि भारत की बहुदलीय राजनीतिक व्यवस्था में सबको पार्टी बना कर राजनीति करने और चुनाव लड़ने का अधिकार है। इसी अधिकार के तहत ओवैसी से लेकर केजरीवाल और प्रशांत किशोर सब चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस को यह बात स्वीकार करनी चाहिए कि हर पार्टी अपना विस्तार करने के लिए चुनाव लड़ती है। उससे अगर कांग्रेस को नुकसान होता है तो वह कोलैटरल डैमेज है।

## राशिफल



मेष राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आपके ऊपर भगवान की कृपा बनी रहेगी और आप अच्छे काम करेंगे। आज आपका मन भावनात्मक तौर पर अधिक मजबूत रहेगा। आपका दिन परोपकार के कार्यों में लग सकता है। आज आप अपने किसी सहकर्मी या मित्र की सहायता कर सकते हैं, जिससे आपके मन को बहुत संतुष्टि मिलेगी।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपका आपके जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर चल रहा वाद-विवाद आज समाप्त हो सकता है। अपने परिवार के किसी सदस्य की सेहत को लेकर आप थोड़ा सा चिंतित हो सकते हैं। आप अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखेंगे।

मिथुन राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज अपने कामकाज को आप अपने समय से पूरा कर लेंगे, जिससे आपका मन संतोष रहेगा। बहुत दिनों से आप अपने काम को लेकर परेशान थे, यदि आप सामाजिक या राजनीति क्षेत्रों में काम करते हैं, तो आपको मान-सम्मान व प्रतिष्ठा प्राप्त हो सकती है।

कर्क राशि : आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपको अपने खर्चों के प्रति सावधान रहना होगा। आप व्यर्थ के खर्चों पर अधिक ध्यान न दें, अपने सामानों को खरीदने से पहले एक आवश्यक कार्यों की लिस्ट बनाएं कि किस सामान की अधिक आवश्यकता है, केवल उसी सामान को अधिक खरीदें।

सिंह राशि : आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। अगर आपका किसी कारण से मन परेशान है, तो उसे शांत रखने के लिए आप अपने बच्चों के साथ थोड़ा सा समय बिताएं, तो आपका मन अच्छा हो जाएगा।

कन्या राशि : आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज व्यक्तिगत जीवन की जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। इस राशि के राजनीतिज्ञों को लोगों का समर्थन मिलेगा। लोग आपके कार्यों की तारीफ करेंगे। पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आएगी। आपके दांपत्य जीवन में सुख-सौहार्द्र की वृद्धि होगी।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए खुशी से भरा रहेगा। आपके कामों की गति धीमी रहेगी, लेकिन मित्रों के साथ आपके संबंध बेहतर रहेंगे, इसके साथ ही आप परिवार में सबको खुश रखने की कोशिश में लगे रहेंगे, आपको अच्छा लगेगा। आज आपके अंदर त्याग और सहयोग की भावना रहेगी।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिए नई उमंगें लेकर आया है। काफी समय से किसी बात से परेशान लोग आज उसका समाधान ढूंढ लेंगे। लोगों के विचार और आपके बारे में बोली गई बातों के कारण आप मन ही मन परेशान हो सकते हैं। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई को लेकर उत्साहित होंगे और ज्यादा समय पढ़ाई में बीतेगा, यह देखकर आपके घरवालों को भी खुशी होगी।

धनु राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपकी वाणी में कठोरता आ सकती है, दूसरों के प्रति स्नेह भाव बनाए रखें। पेट की समस्या से परेशान लोगों को ऑयली खाने से बचना चाहिए। आज संतान पक्ष से सुखद अनुभूति होगी।

मकर राशि : आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज आपको किसी महत्वपूर्ण चर्चा में शामिल होने का मौका मिलेगा, जिसमें आपकी सहभागिता अच्छी-खासी रहेगी। आज प्रिय मित्र आपसे किसी विशेष विषय को लेकर बातचीत कर सकता है। आज नया काम आपको सोच-विचार कर करना चाहिए।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए सुख-शांति से भरा रहेगा। पुत्र पक्ष से सहयोग मिलेगा। आपसी रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। इस राशि के लोगों का निर्माण कार्य जल्द पूरा हो जाएगा। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढ़ेगा। लोग आपके कार्य से खुश होंगे। आज आपको प्रमोशन से जुड़ी खबर मिल सकती है।

मीन राशि : आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज जिस भी क्षेत्र में आप मेहनत करेंगे, उसमें उन्नति हासिल करेंगे। आज आपकी सभी परेशानियों का अंत होगा। सफलता की नई किरण दिखाई देगी। आर्थिक क्षेत्र में विकास के योग बन रहे हैं। काफी समय से वाहन लेने का मन बना रहे हैं तो आज वाहन लेने में समय आपका साथ देगा।

# 'मीठे में क्या है?'

**पंकज दुबे**

सवाल है- मीठे में क्या है? शायद मिठास चीनी में नहीं, उस रिश्ते में है जहां आपको अपनी कड़वाहट के साथ भी स्वीकार कर लिया जाता है। जहां आपकी पसंद अलग हो सकती है, आपके फ़ैसले ग़लत हो सकते हैं, लेकिन आपके लौटने का दरवाज़ा बंद नहीं होता। शायद घर इसी का नाम है। और शायद सिनेमा भी इसी मिठास की तलाश है।ज़ रोहिणी हट्टंगड़ी इस फ़िल्म की सबसे बड़ी ताक़तों में से एक हैं। सिने-सोहबत परिवार भी बड़ी दिलचस्प चीज़ है। दुनिया में कहीं भी चले जाइए, अपनी मर्ज़ी से ज़िंदगी जीने की आज़ादी मिल सकती है, लेकिन घर लौटते ही कोई न कोई पूछ ही लेगा कि शादी कब कर रहे हो? बच्चे क्या कर रहे हैं? और ज़िंदगी में आगे का प्लान क्या है? शायद इसलिए परिवार दुनिया का सबसे पुराना लोकतंत्र है, जहां हर सदस्य को बोलने की पूरी आज़ादी है, लेकिन फ़ैसला अक्सर कोई और करता है! राधिका बंसल की पहली फ़ीचर फ़िल्म 'मीठे में क्या है?' इसी लोकतंत्र के भीतर चलने वाली छोटी-बड़ी राजनीतिक गतिविधियों, भावनात्मक उठापटक और रिश्तों की अपनी चुनावी राजनीति को बड़े सहज अंदाज़ में पकड़ती है। लखनऊ के एक घर में दिवाली के अवसर पर जुटा एक परिवार, कुछ पुराने गिले-शिकवे, कुछ नए राज़, कुछ अधूरे रिश्ते और कुछ ऐसे फ़ैसले, जिन्हें परिवार की अदालत में पेश किया जाना अभी बाक़ी है। ऊपर से मिठाइयों की खुशबू और भीतर भावनाओं की हलचल। राधिका बंसल की इस फ़िल्म में त्योहार सिर्फ़ कैलेंडर की तारीख़ नहीं, बल्कि रिश्तों की पड़ताल करने का एक बहाना बन जाता है। कहानी का केंद्र है जय (ऋत्विक भौमिक), एक युवा आर्किटेक्ट, जिसकी पत्नी तारा की दो साल पहले एक कार दुर्घटना में मृत्यु हो चुकी है। जय अब तक इस सदमे से उबर नहीं पाया है। उसने ख़ुद को परिवार से अलग कर लिया है और पहाड़ों में अपना नया ठिकाना बसाने की तैयारी कर रहा है। उसे लगता है कि शायद जगह बदलने से ज़िन्दगी का खालीपन भी कुछ कम हो जाए। लेकिन ज़िंदगी की पटकथा में कुछ ऐसे दृश्य होते हैं जिन्हें हम अपनी मर्ज़ी से एडिट नहीं कर सकते। बहन सना (दलाई) का फ़ोन आता है। वह बताती है कि उसने अपनी पसंद से करम (विक्रम बख्शी) से शादी कर ली है और अब चाहती है कि जय दिवाली पर नानी के घर पहुंचे, ताकि परिवार को इस शादी के बारे में बताया जा सके। जय लखनऊ पहुंचता है। नानी (रोहिणी हट्टंगड़ी) के घर में पूरा परिवार जुट रहा है। मां अमृता (आयशा रज़ा मिश्रा), पिता अजय (गौरव शर्मा), मामा ऋषभ (अभय कौल), मामी प्रीति (तराना राजा) और परिवार के दूसरे सदस्य। सबके अपने विचार हैं, अपनी चिंताएं हैं और अपने-अपने हिसाब से सही होने के तर्क भी। इस पारिवारिक जमावड़े में एक और दिलचस्प किरदार है मीरा (शिविका ऋषि), नानी की तेरह वर्षीय पड़ोसी, जिसके साथ जय की एक अनपेक्षित दोस्ती हो जाती है। सना और करम के आने के बाद परिवार में हलचल बढ़ती है। अंतरजातीय विवाह, करम का पिछला वैवाहिक जीवन, नानी का अकेले रहना और पुश्तैनी घर को लेकर परिवार की चिंताएं, कहानी कई दिशाओं



में खुलती है। लेकिन फ़िल्म का असली विषय इन समस्याओं का समाधान नहीं, बल्कि उन समस्याओं के बीच एक परिवार का साथ रहना है। भारतीय परिवारों में प्रेम और अधिकार के बीच की रेखा अक्सर बहुत धुंधली होती है। हम जिन लोगों से सबसे ज़्यादा प्रेम करते हैं, उनकी ज़िंदगी के फ़ैसलों पर अपना अधिकार भी सबसे ज़्यादा समझते हैं। सना का अपनी पसंद से शादी करना इसी मानसिकता को चुनौती देता है। एक तरफ़ नई पीढ़ी है, जो अपने जीवनसाथी का चुनाव अपने विवेक और भावनाओं से करना चाहती है। दूसरी तरफ़ परिवार है, जिसके लिए विवाह केवल दो व्यक्तियों का निजी मामला नहीं, बल्कि सामाजिक प्रतिष्ठा और पारिवारिक स्वीकार्यता का प्रश्न भी है। दिलचस्प बात यह है कि फ़िल्म इस टकराव को किसी बड़े सामाजिक विमर्श में बदलने की कोशिश नहीं करती। वह इसे घर के भीतर होने वाली बातचीत, असहमतियों, प्रतिक्रियाओं और कभी-कभी हास्यास्पद स्थितियों के ज़रिये सामने रखती है। अमृता का किरदार इस संदर्भ में ख़ास है। आयशा रज़ा मिश्रा एक ऐसी मां को सामने लाती हैं जो अपनी बेटी की ख़ुशी चाहती है, लेकिन उस ख़ुशी की परिभाषा भी कहीं न कहीं ख़ुद तय करना चाहती है। उनकी चिंता में ममता है, लेकिन उसी ममता में नियंत्रण की प्रवृत्ति भी दिखाई देती है। यहां एक सवाल मन में आता है कि क्या माता-पिता अपने बच्चों को बड़ा तो कर देते हैं, लेकिन उनके फ़ैसलों को स्वीकार करने के लिए ख़ुद कभी बड़े हो पाते हैं? मुझे लगता है, भारतीय परिवारों की सबसे दिलचस्प कहानी इसी सवाल के आसपास लिखी जा सकती है। जय का किरदार फ़िल्म का भावनात्मक आधार बन सकता था और कई दृश्यों में बनता भी है। अपनी पत्नी को खोने के बाद जय ने जैसे ज़िंदगी से ही दूरी बना ली है। वह घरों का आर्किटेक्ट है, लेकिन अब ख़ुद अपने लिए कोई घर नहीं बनाना चाहता। इस किरदार में एक सुंदर प्रतीकात्मक संभावना है। जो व्यक्ति दूसरों के रहने की जगह डिज़ाइन करता था, वह अपने भीतर रहने की जगह खो चुका है। ऋत्विक भौमिक इस आंतरिक टूटन को संयम से निभाते हैं। उनके अभिनय की अच्छी बात यह है कि वह हर दृश्य में दुख का प्रदर्शन नहीं करते। उनकी ख़ामोशी, लोगों के बीच रहते हुए भी एक दूरी बनाए रखने का अंदाज़ और कुछ मौक़ों पर चेहरे पर लौटती हल्की मुस्कान, किरदार को विश्वसनीय बनाती है। मीरा के साथ उनकी दोस्ती कहानी में एक अलग भावनात्मक परत जोड़ती है। मीरा की जिज्ञासाएं और जीवन को देखने का उसका अल्हड़ नज़रिया जय को अपने भीतर झांकने का एक अवसर देते हैं। कई बार ज़िंदगी को दोबारा शुरू करने के लिए किसी बड़े दर्शन की नहीं, एक छोटी-सी बातचीत की ज़रूरत होती है। यहां मुझे लगता है कि फ़िल्म एक बहुत सुंदर बात कहती है कि किसी अपने को खो देने के बाद आगे बढ़ने का अर्थ उसे भूल जाना नहीं है। आगे बढ़ने का अर्थ है उसकी यादों के साथ जीने की नई कला सीखना। रोहिणी हट्टंगड़ी इस फ़िल्म की सबसे बड़ी ताक़तों में से एक हैं। उनकी मौजूदगी में एक ऐसा अपनापन है, जिसे किसी बड़े संवाद या भावुक संगीत की ज़रूरत नहीं पड़ती। वह परिवार की मुखिया हैं, लेकिन उनकी भूमिका केवल बुज़ुर्ग सदस्य की नहीं है। उनका घर परिवार की स्मृतियों, परंपराओं और भावनात्मक विरासत का प्रतीक है। इस घर को लेकर परिवार के दूसरे सदस्यों की अपनी चिंताएं हैं। नानी अकेली रहती हैं, उनकी उम्र बढ़ रही है और परिवार चाहता है कि वह जयपुर आकर उनके साथ रहें। पुश्तैनी घर को बेचने का विचार भी इसी बहस का हिस्सा है। यहां फ़िल्म एक ऐसा प्रश्न उठाती है जिस पर हमारे समाज में और बातचीत होनी चाहिए कि क्या बुज़ुर्गों की सुरक्षा के नाम पर उनसे उनका अपना घर और अपनी स्वतंत्रता छीन लेना उचित है? घर केवल एक प्रॉपर्टी नहीं होता। वह स्मृतियों का पता होता है। वहां की दीवारों में हमारी उम्र के कई हिस्से सुरक्षित रहते हैं। रोहिणी हट्टंगड़ी इस भाव को अपने सहज अभिनय से जीवंत करती हैं। उनके किरदार में एक ठहराव है, जो परिवार की भागदौड़ के बीच एक भावनात्मक संतुलन बनाता है। ऋत्विक भौमिक ने जय के किरदार में अच्छी संवेदनशीलता दिखाई है। शिविका ऋषि मीरा के रूप में आकर्षित करती हैं। उनमें एक स्वाभाविक जिज्ञासा और बालसुलभ चंचलता है। आयशा रज़ा मिश्रा का अभिनय कई जगह प्रभावशाली है, हालांकि उनका किरदार कुछ मौक़ों पर ज़रूरत से ज़्यादा मुखर हो जाता है। दलाई और विक्रम बख्शी भी सना और करम के किरदारों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। ख़ासकर करम का किरदार इस पारिवारिक समीकरण में एक दिलचस्प नया आयाम जोड़ता है। अभय कौल, तराना राजा और गौरव शर्मा अपने-अपने किरदारों को विश्वसनीय बनाने में योगदान देते हैं। फ़िल्म की एक ख़ूबी इसका सामूहिक अभिनय है। यहां कहानी किसी एक नायक के इर्द-गिर्द पूरी तरह सिमटती नहीं है। हर किरदार के पास अपनी छोटी-सी कहानी है और यही परिवार को एक जीवंत इकाई बनाता है। लखनऊ इस फ़िल्म में केवल कहानी की लोकेशन नहीं, बल्कि उसके सांस्कृतिक मिज़ाज का हिस्सा है। शहर की तहज़ीब, खानपान, पुराने घरों का वातावरण और घरेलू बातचीत का अंदाज़ फ़िल्म को एक ख़ास पहचान देते हैं। दिवाली के पकवानों से सजी मेज़, पुरानी यादों से भरा घर और रिश्तेदारों की आवाजाही मिलकर एक ऐसा संसार रचते हैं जिसे देखकर अपने परिवार की याद आना स्वाभाविक है। पीयूष पुटी की सिनेमैटोग्राफ़ी और नताशा गौबा का प्रोडक्शन डिज़ाइन इस घरेलू वातावरण को विश्वसनीय बनाने में मदद करते हैं। अमित त्रिवेदी का संगीत कहानी के उत्सवी और भावनात्मक मिज़ाज के अनुरूप है। हालांकि, गीतों में ऐसा कोई विशेष आकर्षण नहीं है जो फ़िल्म के बाद भी बहुत देर तक साथ रहे। उनका बैकग्राउंड स्कोर अपेक्षाकृत अधिक प्रभावी है। नेहा मेहरा का संपादन कहानी को सहज गति देता है, हालांकि कुछ प्रसंगों को और कसावट के साथ प्रस्तुत किया जा सकता था। अब ज़रा आलोचना की बात भी कर लें। आख़िर हर मिठाई सिर्फ़ इसलिए अच्छी नहीं हो जाती कि उसमें चीनी है! राधिका बंसल की कहानी में कई दिलचस्प संभावनाएं हैं, लेकिन पटकथा उन सभी का पूरा लाभ नहीं उठा पाती। सना की शादी और करम के पिछले वैवाहिक जीवन के ज़रिए दूसरी शादी, स्वीकार्यता और सामाजिक पूर्वाग्रहों पर एक गहरी बातचीत हो सकती थी। जय का दुख एक बेहद प्रभावशाली भावनात्मक यात्रा बन सकता था। नानी के घर को लेकर परिवार की बहस भी पीढ़ियों के बदलते मूल्यों पर गंभीर टिप्पणी कर सकती थी लेकिन फ़िल्म इन सभी विषयों को छूकर आगे बढ़ जाती है। कुछ घटनाक्रम स्वाभाविक रूप से विकसित होने के बजाय कहानी में जोड़े हुए महसूस होते हैं। कुछ हास्य प्रसंग बेहद सहज हैं, जबकि कुछ जगहों पर हास्य पैदा करने की कोशिश ज़रा बनावटी लगती है। यही इस फ़िल्म की सबसे बड़ी सीमा है। यह अपने किरदारों को पसंद तो करती है, लेकिन उनके भीतर उतरने का पर्याप्त समय हमेशा नहीं निकाल पाती। फिर भी, एक पहली फ़ीचर फ़िल्म के रूप में राधिका बंसल की संवेदनशीलता और घरेलू जीवन के प्रति उनकी समझ उम्मीद जगाती है। एक निर्देशक के रूप में यह उनकी अच्छी शुरुआत है। फ़िल्म का शीर्षक एक सीधा-सा सवाल पूछता है- मीठे में क्या है? शायद इसका जवाब किसी मिठाई की दुकान पर नहीं मिलेगा। इसके लिए हमें अपने घर लौटना पड़ेगा।

राष्ट्र भक्ति की अलख जगाता दैनिक
राष्ट्रीय गरिमा
राष्ट्र एक बगीचा है और हम सब इसके माली





# साई पल्लवी पुलिस अफसर बनने के लिए बदला लुक

## छोटे बाल करवाने पर माता-पिता ने दी प्रतिक्रिया

रामायण में सीता के किरदार के बाद, अभिनेत्री साई पल्लवी अपनी आगामी फिल्म ओम- चैप्टर 1 उधिरम- द ब्लड वुड में एक बिल्कुल ही अलग अवतार में दर्शकों के सामने होंगी। इस फिल्म में वह एक तेजतर्रार आईपीएस अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं, जिसे लाल चंदन की अवैध तस्करी की जांच का जिम्मा सौंपा गया है। इस चुनौती भरे किरदार के लिए साई ने एक बड़ा कदम उठाया है उन्होंने अपने बाल छोटे करवा लिए हैं। उनके इस नए लुक को देखकर उनके माता-पिता भी हैरान रह गए, जिस पर अब अभिनेत्री ने खुलकर बात की है।एक इंटरव्यू में साई पल्लवी ने अपने बाल कटवाने के पीछे की वजह बताई। उन्होंने कहा, मैंने अपने बाल कटवाए क्योंकि कहानी सुनने और अपने किरदार को समझने के बाद मुझे लगा कि यह आवश्यक है। मुझे स्क्रिप्ट इतनी पसंद आई कि मैं इस बदलाव के लिए तैयार हो गई। उन्होंने बताया कि बाल कटवाने के बाद जब उन्होंने वीडियो कॉल पर अपनी मां को नया लुक दिखाया, तो वह हैरान रह गईं और ढेर सारे सवाल पूछने लगीं। मां ने तो कॉल भी काट दिया। बाद में उनके पिता ने फोन करके पूछा कि क्या उन्होंने विग पहनी है। साई ने उन्हें समझाया कि यह पूरी तरह से उनके किरदार की मांग थी, और उन्हें उनके नए हेयरस्टाइल के साथ सहज होने में कुछ समय लगा।

निर्देशक राजकुमार पेरियासामी ने इस निर्णय का समर्थन करते हुए कहा कि इस किरदार के लिए यह लुक एकदम सही था। उन्होंने साई के समर्पण की सराहना की, फिल्म में हम अक्सर मुख्य किरदार की जरूरत के हिसाब से कुछ बदलाव करते हैं, और साई पल्लवी ने भी इस रोल के लिए अपने बाल कटवाकर एक बड़ा त्याग किया। कहानी के प्रति उनके लगाव ने ही इस बदलाव को मुमकिन बनाया। साई ने भी राजकुमार पर अपने भरोसे और स्क्रिप्ट की मांग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने बताया कि शूटिंग के दौरान उन्होंने अपने बालों को स्कार्फ से ढक कर रखा था ताकि फिल्म की रिलीज से पहले उनका यह लुक लीक न हो जाए। यह साई और राजकुमार की दूसरी फिल्म है, इससे पहले उनकी पहली फिल्म अमरन एक बड़ी हिट रही थी, जिसके लिए राजकुमार को बेस्ट डायरेक्टर का नेशनल अवॉर्ड भी मिला था।

# चित्रांगदा सिंह ने की सलमान खान की जमकर तारीफ, बोलीं- वो सबको बेस्ट दिखाते हैं



अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह आगामी वॉर-ड्रामा फिल्म मातृभूमि- मे वॉर रेस्ट इन पीस में अभिनेता सलमान के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। अभिनेत्री ने सलमान खान के साथ स्क्रीन शेयर करने के अनुभव को याद करते हुए बताया कि अभिनेता की दमदार स्क्रीन प्रेजेंस और आत्मविश्वास ने शुरुआत में उन्हें थोड़ा नर्वस कर दिया था। अभिनेत्री ने आईएएनएस के साथ बातचीत में सलमान खान की जमकर तारीफ की। चित्रांगदा का कहना है कि सलमान खान में दूसरों से बेस्ट निकलवाने की काबिलियत है और इसी वजह से उनके साथ स्क्रीन शेयर करना मजेदार हो गया। उन्होंने कहा, सलमान खान के साथ काम करना वाकई शानदार और यादगार अनुभव रहा। उनकी प्रेजेंस बेहद दमदार है। कैमरे के सामने उनमें ऐसी सहजता और आत्मविश्वास रहता है कि शुरुआत में, तो मैं भी थोड़ा नर्वस हो गई थी, लेकिन उनके काम करने के तरीके में एक शानदार सहजता भी है, जो उनके साथ फ्रेम शेयर करना इतना मजेदार बना देती है और हर सीन में एक नेचुरल एनर्जी ले आती है।

चित्रांगदा सिंह ने मातृभूमि के गानों में सलमान के साथ अपनी केमिस्ट्री को मिल रहे रिस्पॉन्स को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा, जब से मातृभूमि के गाने आए हैं, तब से हमारी केमिस्ट्री को बहुत प्यार मिल रहा है और मैं इस रिस्पॉन्स को देखकर वाकई बेहद खुश हूं। जब दो एक्टर स्क्रीन पर एक खास कम्फर्ट और समझ शेयर करते हैं, तो दर्शक उसे महसूस कर पाते हैं और मुझे खुशी है कि हमारी जोड़ी दर्शकों को पसंद आ रही है। मैं वाकई चाहती हूं कि दर्शक फिल्म में हमारी जोड़ी को देखें।

अपूर्व लाखिया द्वारा निर्देशित फिल्म में सलमान खान और चित्रांगदा सिंह (चित्रांगदा इसमें सलमान की पत्नी का किरदार निभा रही हैं) मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का पुराना नाम बैटल ऑफ गलवान था, जो भारत-चीन संघर्ष की पृष्ठभूमि पर आधारित थी। सलमान प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले फिल्म की कहानी एक भारतीय सैनिक (सलमान खान) के जीवन, युद्ध के खौफनाक मंजर, परिवार के दर्द और शांति के संदेश के इर्द-गिर्द घूमती है।

## महमूद के घर की एक बर्थडे पार्टी ने बदल दी जिंदगी, ऐसे बने नईम से जूनियर महमूद

हिंदी सिनेमा में कई ऐसे कलाकार हुए हैं, जिन्होंने अपनी शानदार अदाकारी और अनोखे अंदाज से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। इन्हीं में से एक नाम है जूनियर महमूद का। अपनी कॉमिक टाइमिंग, मजेदार डायलॉग डिलीवरी और शानदार डांस से लोगों को हंसाने वाले जूनियर महमूद का असली नाम नईम सैय्यद था। उन्होंने बतौर बाल कलाकार फिल्मी दुनिया में कदम रखा और देखते ही देखते अपनी अलग पहचान बना ली। लेकिन क्या आप जानते हैं कि उन्हें जूनियर महमूद नाम कैसे मिला था? इसके पीछे एक ऐसी दिलचस्प कहानी है, जिसका कनेक्शन दिग्गज अभिनेता और कॉमेडियन महमूद के घर की एक बर्थडे पार्टी से है। जूनियर महमूद का जन्म 15 नवंबर 1956 को मुंबई में हुआ था। बचपन से ही उन्हें फिल्मों और एक्टिंग में दिलचस्पी थी। उनके भाई फिल्मों के सेट पर फोटोग्राफर के तौर पर काम करते थे। ऐसे में नईम को भी कई बार शूटिंग देखने का मौका मिलता था। धीरे-धीरे फिल्मों के प्रति उनका आकर्षण बढ़ने लगा। जूनियर महमूद के फिल्मों में आने की कहानी भी काफी दिलचस्प है। एक बार उनके भाई उन्हें फिल्म की शूटिंग देखने के लिए सेट पर ले गए थे। वहां उन्हें चुपचाप बैठने की हिदायत दी गई थी। उस समय फिल्म कितना नाजुक है दिल की शूटिंग चल रही थी। एक बाल कलाकार अपने डायलॉग बार-बार भूल रहा था। यह देखकर जूनियर महमूद से रहा नहीं गया और उन्होंने मजाक में टिप्पणी कर दी।

जब निर्देशक ने उनसे पूछा कि क्या वह ये डायलॉग बोल सकते हैं, तो उन्होंने आत्मविश्वास से कहा कि वह जॉनी वॉकर के डायलॉग भी बोल सकते हैं। उनकी इसी बात ने उन्हें फिल्म में काम करने का मौका दिला दिया। उस वक्त उनकी उम्र महज 9 साल थी।

# अरिजीत को हंसते-हंसते पेट में दर्द हो जाता है, काजी तौकीर ने बताया सिंगर का अनदेखा अंदाज



गायक काजी तौकीर और अरिजीत सिंह करीब 21 साल से दोस्त हैं और दोनों एक-दूसरे के साथ बेहद गहरा और खास रिश्ता शेयर करते हैं। रियलिटी शो बिग बॉस-20 के दौरान काजी तौकीर ने अरिजीत के साथ अपने रिश्ते के बारे में खुलकर बात की। शो के दौरान काजी तौकीर ने अरिश्फा खान और उदिति सिंह के साथ बातचीत में अरिजीत को एक रिजर्व इंसान बताया। उन्होंने कहा कि गायक में एक अलग ही लेवल का पागलपन है और वे ऐसे इंसान हैं, जो खुद को और भी ज्यादा एक्सप्लोर करने के लिए लगातार आगे बढ़ाते रहते हैं। उन्होंने कहा, जब अरिजीत और मैं एक साथ बैठते हैं, तो अरिजीत को हंसते-हंसते पेट में दर्द होने लगता है, क्योंकि मेरा लेवल उनसे अलग है। वे भी पागलपन वाली हरकतें करते हैं, लेकिन साथ ही वे एक प्राइवेट इंसान भी हैं। वह सिर्फ अपने लोगों के सामने ही खुलते हैं।

काजी ने आगे बताया कि कैसे अरिजीत की जिज्ञासा और क्रिएटिव अप्रोच उन्हें और आगे बढ़ाती रहती हैं। उन्होंने कहा, वो बहुत पागल, कमाल के, चैंपियन और खूबसूरत इंसान हैं और यह उनके अंदर कभी खत्म नहीं होना चाहिए। उनके अंदर चैंपियन वाला एटीट्यूड है।

काजी ने अपने और अरिजीत के बीच समानता के बारे में बात करते हुए कहा कि अलग-अलग तरीके से एक्सप्रेस करने के बावजूद दोनों की पर्सनालिटी एक जैसी है।बता दें कि काजी तौकीर और अरिजीत सिंह दोनों ने ही भारतीय म्यूजिक इंडस्ट्री में अपनी अलग जगह बनाई है। दोनों की पहली मुलाकात साल 2005 में सिंगिंग रियलिटी शो फेम गुरुकुल के दौरान हुई थी। इस शो में काजी तौकीर विजेता बने थे, जबकि अरिजीत सिंह छठे स्थान पर रहे थे।शो के दौरान दोनों टीनएजर थे और एक ही कमरे में साथ रहते थे। जब काजी तौकीर बिग बॉस 20 में बतौर कंटेस्टेंट शामिल हुए, तब अरिजीत सिंह ने खुलकर उनका समर्थन किया। अरिजीत ने सोशल मीडिया पर कहा था कि वे पहली बार बिग बॉस देख रहे हैं क्योंकि उनके दोस्त और रॉकस्टार काजी इस शो का हिस्सा हैं।

# रोजाना कितनी देर करना चाहिए योग, जानिए आयुष मंत्रालय से



आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में खुद को स्वस्थ और फिट रखना किसी चुनौती से कम नहीं है। ऑफिस का काम, घर की जिम्मेदारियां और दिनभर की व्यस्तता के बीच लोग अपनी सेहत के लिए समय नहीं निकाल पाते। ऐसे में योग एक ऐसा तरीका है, जिसकी मदद से न सिर्फ शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है, बल्कि मानसिक शांति भी मिलती है। यही वजह है कि आज बड़ी संख्या में लोग अपनी दिनचर्या में योग को शामिल कर रहे हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि रोजाना कितनी देर योग करना चाहिए? इस सवाल का जवाब देते हुए आयुष मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा की है। इसमें बताया गया है कि योग करने की अवधि हर व्यक्ति के लिए एक जैसी नहीं हो सकती। यह व्यक्ति की शारीरिक क्षमता, स्वास्थ्य स्थिति और जरूरतों पर निर्भर करती है। आयुष मंत्रालय के मुताबिक, जो लोग योग की शुरुआत कर रहे हैं, उनके लिए सामान्य तौर पर दिन में करीब 45 मिनट तक अभ्यास करने की सलाह दी जाती है। हालांकि, इसका मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि हर व्यक्ति को रोजाना इतने ही समय तक योग करना चाहिए।

दरअसल, हर इंसान का शरीर अलग होता है। किसी व्यक्ति की शारीरिक क्षमता अच्छी हो सकती है, जबकि कोई किसी बीमारी या शारीरिक परेशानी से जूझ रहा हो सकता है। ऐसे में दोनों के लिए योग का समय और अभ्यास एक जैसा नहीं हो सकता। इसलिए अपनी क्षमता को समझते हुए ही योग करना चाहिए।

कई बार लोग दूसरों को देखकर योग करने लगते हैं। अगर कोई व्यक्ति एक घंटे तक योग कर रहा है, तो दूसरा भी उतनी ही देर अभ्यास करने की कोशिश करता है। लेकिन ऐसा करना सही नहीं है। योग का फायदा तभी मिलता है, जब इसे अपनी जरूरत और शरीर की क्षमता के अनुसार किया जाए।

अगर आप पहली बार योग शुरू कर रहे हैं, तो शुरुआत में कठिन आसन करने या लंबे समय तक अभ्यास करने से बचें। धीरे-धीरे अपनी क्षमता के अनुसार अभ्यास का समय और स्तर बढ़ाएं। इस दौरान शरीर के संकेतों को समझना भी जरूरी है। किसी तरह का दर्द, चक्कर या असहजता महसूस होने पर अभ्यास रोक दें।

आयुष मंत्रालय ने यह भी सलाह दी है कि योग का सही समय और अभ्यास तय करने के लिए योग शिक्षक या विशेषज्ञ की मदद ली जा सकती है। खासकर अगर आप किसी बीमारी से पीड़ित हैं या पहले से कोई शारीरिक परेशानी है, तो बिना सलाह के कठिन योगासन न करें। विशेषज्ञ आपकी सेहत, उम्र और शारीरिक क्षमता को ध्यान में रखते हुए सही अभ्यास और उसकी अवधि बता सकते हैं। इससे योग का अभ्यास सुरक्षित और फायदेमंद बना रहता है।

# ओ एम के ट्रेलर में धनुष का फुल ऑन मास अवतार, ममूटी का दमदार दबदबा और साई पल्लवी का खूंखार अंदाज़!

राजकुमार पेरियासामी के निर्देशन में बनी फिल्म ओ एम- चैप्टर 1 ङ्क उधिरम- द ब्लड वुड में श्रीलीला भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म का संगीत साई अभ्यंकर ने दिया है। यह फिल्म 20 नवंबर 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ओ एम- चैप्टर 1 ङ्क उधिरम- द ब्लड वुड का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जो दर्शकों को राजकुमार पेरियासामी की इस एक्शन ड्रामा की दुनिया की पहली झलक दिखाता है। शानदार दृश्य, बड़े पैमाने पर फिल्माए गए एक्शन दृश्य और जबरदस्त टकराव की झलकियां इस बात का इशारा कर रही हैं कि फिल्म बड़े पर्दे पर एक शानदार सिनेमाई अनुभव देने वाली है। ट्रेलर में धनुष अपने चिर-परिचित अंदाज़ में फुल ऑन मास अवतार में नजर आ रहे हैं, तो वहीं ममूटी अपनी खामोश लेकिन दमदार मौजूदगी से पर्दे पर पूरा दबदबा कायम करते हैं। साई पल्लवी आईपीएस अधिकारी नित्या रेड्डी के किरदार में अपने तीखे और बेखौफ अंदाज़ की झलक दिखाती हैं, जबकि श्रीलीला ट्रेलर में थोड़ी हल्की-फुल्की ऊर्जा और ताजगी लेकर आती हैं।

साई अभ्यंकर का दमदार संगीत ट्रेलर की जान बना हुआ है, जो एक तरफ रोमांच और तनाव को बढ़ाता है, तो दूसरी तरफ जबरदस्त एक्शन दृश्यों को और भी प्रभावशाली बनाता है। ट्रेलर से पहले फिल्म के संगीत संग्रह के तीन गाने 'अलाका लूवा', 'वीझा वीरा' और 'सेन्जुदारे' रिलीज किए जा चुके हैं, जिन्हें दर्शकों का अच्छा प्रतिसाद मिला है।

ट्रेलर को लेकर आरटेक स्टूडियोज की निर्माता श्रद्धा अग्रवाल कहती हैं, ट्रेलर के जरिए अब दर्शकों को आखिरकार उस दुनिया की झलक मिलेगी, जिसे राजकुमार सर ने रचा है और यह भी समझ आएगा कि बड़े पर्दे पर ओ एम का अनुभव कैसा होने वाला है। यह देखना बेहद शानदार रहा है कि फिल्म के संगीत को दुनियाभर के श्रोताओं का इतना प्यार मिल रहा है। हमें उम्मीद है कि ट्रेलर इस उत्साह को और बढ़ाएगा और ज्यादा




से ज्यादा दर्शकों को ओ एम की इस दुनिया से जोड़ेगा।

राजकुमार पेरियासामी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में धनुष, ममूटी, साई पल्लवी, श्रीलीला, नसीरुद्दीन शाह और इंद्रांस अहम भूमिकाओं में हैं। श्रद्धा अग्रवाल, धनुष और अजमत जगमग द्वारा आरटेक स्टूडियोज और वंडरबार फिल्म्स के बैनर तले निर्मित ओ एम- चैप्टर 1 ङ्क उधिरम- द ब्लड वुड 20 नवंबर 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

00

## जयदीप अहलावत, अभिषेक बनर्जी और बरुण सोबती की तिकड़ी मचाएगी धमाल, सुदीप शर्मा की 'पुष्पक विमान' का हुआ ऐलान

अभिनेता अभिषेक बनर्जी, जयदीप अहलावत और बरुण सोबती जल्द ही अपनी नई सीरीज 'पुष्पक विमान' में एक साथ नजर आएंगे। सुदीप शर्मा और अभिषेक बनर्जी द्वारा बनाई और लिखी गई यह सीरीज क्राइम और कॉमेडी का मजेदार मेल लेकर आ रही है। तीनों कलाकारों को एक साथ देखना दर्शकों के लिए दिलचस्प होने वाला है। सुदीप शर्मा अब तक अपनी गंभीर और इंटेंस कहानियों के लिए जाने जाते हैं, लेकिन इस बार वह 'पुष्पक विमान' के जरिए कॉमेडी के जॉनर में कुछ नया करने जा रहे हैं। यह सीरीज कुछ अनोखे किरदारों की कहानी है, जिनकी जिंदगी में होने वाली घटनाएं धीरे-धीरे एक अलग ही मोड़ ले लेती हैं। इस प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए सुदीप शर्मा ने बताया कि वह इस बार कुछ अलग करना चाहते थे। उनके मुताबिक, इस तरह की कहानी और नए जॉनर के साथ प्रयोग करने के लिए नेटफ्लिक्स एक अच्छा प्लेटफॉर्म है। नेटफ्लिक्स इंडिया की सीरीज हेड तान्या बामी ने भी इस सीरीज को लेकर अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि 'पुष्पक विमान' सुदीप शर्मा के साथ नेटफ्लिक्स की अगली फ्रेंचाइजी होगी। उन्होंने सुदीप की कहानी कहने के अंदाज की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी कहानियों में मनोरंजन के साथ-साथ सामाजिक मुद्दों की झलक भी देखने को मिलती है। उन्होंने भरोसा जताया कि यह सीरीज दर्शकों को खूब पसंद आएगी।

फिल्म स्क्वाड प्रोडक्शंस एलएलपी के बैनर तले बनी यह सीरीज नेटफ्लिक्स के साथ अभिषेक बनर्जी का तीसरा प्रोजेक्ट है।

# 16 साल की उम्र में ही दीपिका पादुकोण ने तय कर लिया था अभिनेत्री बनना

हाल ही में बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत और अपने शुरुआती सपनों के बारे में बताया है। आज दीपिका पादुकोण को बॉलीवुड की सबसे भरोसेमंद और सफल अभिनेत्रियों में से एक माना जाता है। उन्होंने खुलासा किया कि महज 16 साल की उम्र में ही उन्हें यह स्पष्ट हो गया था कि वे एक अभिनेत्री बनना चाहती हैं। उन्होंने हॉलीवुड में भी अपनी पहचान बनाई है, फिल्म ट्रिपल एक्स = द रिटर्न ऑफ जेंडर केज से हॉलीवुड में कदम रखने के बाद, वे लोकप्रिय द एलेन डीजेनेरेस शो में भी बतौर मेहमान शामिल हुई थीं। एक बातचीत के दौरान अभिनेत्री ने अपने पिता प्रकाश पादुकोण के बैडमिंटन करियर के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि उनके पिता ने भारत में ऐसे समय में बैडमिंटन खेला, जब प्रोफेशनल तौर पर खेल को करियर के रूप में देखना आम बात नहीं थी। उस समय अधिकतर लोग डॉक्टर या वकील बनने का सपना देखते थे, लेकिन उनके पिता ने एक खिलाड़ी के तौर पर अपनी पहचान बनाई। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी अपने पिता के नक्शेकदम पर चलने की इच्छा जताई थी, तो दीपिका ने जवाब दिया कि वे ऐसा करके अपने पिता को खुश कर सकती थीं, लेकिन उनके पिता ने हमेशा यही सीख दी कि अपने दिल की सुनो।



अभिनय के प्रति अपने गहरे प्रेम को व्यक्त करते हुए दीपिका ने दोहराया कि 16 साल की कम उम्र में ही उन्हें यह निश्चित रूप से पता चल गया था कि वे एक अभिनेत्री बनना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि कैमरे के सामने रहना उन्हें असीम खुशी और संतोष देता है। दीपिका ने एलेन को एक प्रेरक घटना भी बताई।

उन्होंने कहा कि एक बार उन्होंने अपना पोर्टफोलियो शूट करवाने के लिए अपनी मां से 10,000 रुपए उधार लिए थे। पैसे मांगते समय, युवा दीपिका ने अपनी मां को पूरा भरोसा दिलाया था कि वे न केवल उनके पैसे लौटा देंगी, बल्कि एक दिन उन्हें गौरवान्वित भी करेंगी। यह घटना उनके दृढ़ निश्चय और अपनी कला के प्रति समर्पण को दर्शाती है। साल 2007 में शाहरुख खान के साथ फिल्म ओम शांति ओम से अपने शानदार करियर की शुरुआत करने के बाद, दीपिका ने भारतीय सिनेमा को कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। उनकी प्रमुख फिल्मों में ये जवानी है दीवानी (2013), चेन्नई एक्सप्रेस (2013), गोलियों की रासलीला राम-लीला (2013), पीकू (2015), बाजीराव मस्तानी (2015), पद्मावत (2018), छपाक (2020), पठान (2023), जवान (2023) और आने वाली बहुप्रतीक्षित फिल्म कल्कि 2898 एडी (2024) शामिल हैं।

राष्ट्र भक्ति की अलख जगाता दैनिक
राष्ट्रीय गरिमा
राष्ट्र एक बगीचा है और हम सब इसके माली



# मेरी बेटी को ले जा रहे हैं, उसके पास वर्क परमिट है रोती-बिलखती रही महिला

वाशिंगटन। अमेरिका के सिएटल-टैकोमा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी मच गई। कुछ नकाबपोश आव्रजन अधिकारियों ने विमान में सवार हो रहे दो यात्रियों को जेट ब्रिज पर ही हिरासत में ले लिया। इस कार्रवाई के चलते लॉस एंजिल्स जाने वाली फ्लाइट में देरी भी हो गई। अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन ने एक्स पर बयान जारी कर बताया कि सुबह करीब 8ः05 बजे एक टारगेट मिशन के तहत मेक्सिको के नागरिक रिकार्डो लारोंडो मेंडोजा को गिरफ्तार किया गया, जो वीजा अवधि खत्म होने के बाद भी देश में रह रहा था। वायरल हो रहे वीडियो में अधिकारी जमीन पर एक व्यक्ति से जूझते दिख रहे हैं, जबकि आसपास यात्री अपना सामान लिए खड़े हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वीडियो में एक महिला चिल्लाती



हुई सुनाई दे रही है कि उसकी बेटी को ले जाया जा रहा है और उसके पास वर्क परमिट है। वह अधिकारियों के पैर पकड़कर रोती-बिलखती नजर आई। झड़प के दौरान अधिकारियों पर गर्म कॉफी फेंकने के बाद एक महिला यात्री को भी हिरासत में लिया गया वह भी मेक्सिको की नागरिक हैं और वीजा अवधि से ज्यादा समय से रुकी हुई थीं। उन पर संघीय अधिकारी पर हमले के आरोप लग सकते हैं. एजेंसी ने कहा कि दूसरे यात्रियों ने भी काम में बाधा डालने की कोशिश की, जो एक संघीय अपराध है। अलास्का एयरलाइन ने कहा कि ये घटना प्रभावित कर्मचारियों और यात्रियों के लिए बेहद दर्दनाक रही है। कंपनी पोर्ट ऑफ सिएटल के साथ मिलकर ये जांच कर रही है कि क्या तय नियमों का पालन किया गया था। दूसरी ओर वाशिंगटन के गवर्नर ने आईसीई के तरीकों को बेहद गैर-अमेरिकी बताते हुए एजेंसी को खत्म करने की मांग की। उन्होंने कहा कि ये वीडियो भयावह और रोंगटे खड़े करने वाला है। हमें आव्रजन प्रवर्तन और सीमा सुरक्षा की ऐसी प्रणाली चाहिए जो प्रभावी, नैतिक और मानवीय हो और आईसीई वैसा नहीं है। गवर्नर ने ये भी बताया कि वो जांच कर रहे हैं कि संघीय अधिकारी जेट ब्रिज तक कैसे पहुंचे और क्या उन्होंने कानून प्रवर्तन अधिकारियों के चेहरा ढकने पर रोक लगाने वाले राज्य के कानून का उल्लंघन किया है। 6,00,000 से ज्यादा श्रमिकों का प्रतिनिधित्व करने वाली वॉशिंगटन स्टेट लेबर काउंसिल की अध्यक्ष ने व्यस्त यात्रा सीजन में इस रुकावट की आलोचना की। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट स्टाफ पहले से ही भारी तनाव झेल रहे हैं, यात्री पहले से ही परेशान हैं और शांति और विश्वास बहाल करने के बजाय, संघीय एजेंटों ने और डर और अराजकता फैला दी। इस बीच आईसीई ने अपने अभियान का बचाव करते हुए कहा कि संघीय अधिकारियों पर हमले या बाधा डालने वालों पर मुकदमा चलाया जाएगा।




फ्रांस की राजधानी पेरिस में बढ़ती महंगाई और पुलिस की कठोर कार्रवाई के खिलाफ प्रदर्शन में छात्र भी शामिल हो गये।

## ईरानी हमले में यूएस के पैट्रियट एयर डिफेंस रडार सिस्टम को नुकसान

**हमले के बाद औद्योगिक प्रतिष्ठान पर हमले के बाद लगी आग**

तेहरान। पश्चिम एशिया में ईरान और अमेरिका के बीच तनाव अपने चरम पर पहुँच गया है। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने बहरीन में अमेरिकी सेना के दो ठिकानों पर हमला करने का दावा किया है। आईआरजीसी ने इन हमलों को अपने हवाई क्षेत्र के कथित उल्लंघन और हेंगम द्वीप पर एक रडार ठिकाने पर अमेरिकी हमले का जवाब बताया है। दावे के अनुसार, बहरीन के अल-रफा और अवाली एयरबेस पर तैनात अमेरिका के पैट्रियट एयर डिफेंस रडार सिस्टम को मिसाइलों और ड्रोन से निशाना बनाया गया। इसके अलावा ईरान ने अलग-अलग घटनाओं में अमेरिका के दो ड्रोन एक एमक्यू-9 और एक एमक्यू-1 प्रीडेटर मार गिराने का भी दावा किया है, जिसके अनुसार ये ड्रोन होर्मुज जलडमरूमध्य के ऊपर निशाना बनाए गए थे। इन सैन्य हमलों के बीच, बहरीन में एक औद्योगिक प्रतिष्ठान पर हमले के बाद आग लगने की भी खबर है, जिस पर दमकल और नागरिक सुरक्षा दल काबू पाने में जुटे हैं। हालांकि, इस घटना में किसी के घायल होने की जानकारी नहीं है। हमले के बाद, बहरीन ने लोगों के लिए जारी खतरे की चेतावनी वापस ले ली, लेकिन नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। क्षेत्रीय तनाव का असर समुद्री सुरक्षा पर भी दिख रहा है। ईरानी नौसेना ने बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य के पूर्व में एक तेल टैंकर समुद्री बारूदी सुरंग से टकरा गया, जिससे उसमें आग लग गई। ब्रिटेन की समुद्री एजेंसी ने ओमान के खासाब क्षेत्र के उत्तर और पूर्व में दो तेल टैंकरों पर अज्ञात प्रोजेक्टाइल से हमला होने की सूचना दी है। इसके अलावा ईरान ने अलग-अलग घटनाओं में अमेरिका के दो ड्रोन एक एमक्यू-9 और एक एमक्यू-1 प्रीडेटर मार गिराने का भी दावा किया है, जिसके अनुसार ये ड्रोन होर्मुज जलडमरूमध्य के ऊपर निशाना बनाए गए थे। इस बीच, सऊदी अरब के नेतृत्व वाले गठबंधन ने यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा पश्चिमी सऊदी अरब की तरफ दागी गई बैलिस्टिक मिसाइल को हवा में ही रोककर नष्ट करने का दावा किया। सऊदी अरब ने मक्का प्रांत के लिए जारी खतरे का अलर्ट बाद में हटा लिया।

## बांग्लादेशः शेख हसीना की वापसी की अटकलों से मचा सियासी हड़कंप

ढाका। बांग्लादेश में बिगड़ते सियासी और आर्थिक हालात के बीच पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की वापसी की चर्चाएं तेज हो गई हैं, जिससे सत्ता में बैठी बीएनपी और तारिक रहमान के खेमे में घबराहट साफ दिख रही है। खबरें हैं कि शेख हसीना भारत बॉर्डर के रास्ते बांग्लादेश में एक ग्रैंड एंट्री की तैयारी कर रही हैं, जिसके लिए खुफिया एजेंसियां कुछ जगहों पर रेकी भी कर रही हैं। यह अटकलें भी लगाई जा रही हैं कि वह मार्च तक इंतजार करने की रणनीति पर काम कर रही हैं। बांग्लादेश में मजदूरों की हड़ताल, छात्रों की नाराजगी और बढ़ते डर से आम लोग बेहद परेशान हैं। जब से शेख हसीना को देश छोड़ना पड़ा है, तब से हालात सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। आगजनी, तोड़फोड़ और मारपीट के बीच अब सिर्फ एक नाम गूंज रहा है, और वह है शेख हसीना। उन्होंने भी स्वदेश लौटने का मन बना लिया है, भले ही उन्हें फांसी पर लटकाने की साजिशें चल रही हों। उनकी संभावित वापसी को लेकर बांग्लादेश की राजनीति में इस वक्त भारी हलचल मची हुई है। जानकारों के अनुसार, शेख हसीना भारत की तरफ से एक बड़े मार्च के जरिए बांग्लादेश में दाखिल होने की तैयारी कर रही हैं। इस योजना को लेकर सबसे ज्यादा जिस जगह का नाम लिया जा रहा है, वह पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले को बांग्लादेश से जोड़ने वाला पेट्रापोल-बेनापोल बॉर्डर है।

## फाइटर जेट के लिए 1990 के दशक के मेमोरी कार्ड का संकट

वॉशिंगटन। अमेरिका के सबसे उन्नत फाइटर जेट जेट-22 रैप्टर को लेकर एक अजीबोगरीब समस्या सामने आई है। यह ताकतवर स्टील्थ फाइटर जेट अपने मिशन डेटा सिस्टम को चालू रखने के लिए 1990 के दशक की तकनीक वाले पुराने मेमोरी कार्ड पर निर्भर है, और अब अमेरिकी वायु सेना को इन कार्ड्स की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति ने सवाल खड़े कर दिए हैं कि क्या इन कार्ड्स के बिना एफ-22 'अंधा' हो जाएगा। अमेरिकी सरकार के प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर 16 नवंबर को जारी एक नोटिस के अनुसार, वायु सेना ने एफ-22 के डेटा ट्रांसफर कार्ट्रिज में इस्तेमाल होने वाले मेमोरी कार्ड सप्लाई करने वाली कंपनियों की तलाश शुरू की है।

## मेक्सिको में जीटीए जैसी हिंसा, पूरे शहर में मचा तांडव

गुआसावे। मेक्सिको के गुआसावे शहर में एक हाई-प्रोफाइल ऑपरेशन के तहत अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई के सबसे बड़े वांछित ड्रग माफिया एल चापो इसिड्रो (फॉस्टो इसिड्रो मेजा फ्लोरेस) की गिरफ्तारी के बाद पूरे शहर में वीडियो गेम ग्रैंड थेफ्ट ऑटो (जीटीए) के फाइव स्टार अलर्ट जैसा माहौल बन गया। इस गिरफ्तारी के तुरंत बाद कार्टेल के गुर्गों ने अभूतपूर्व हिंसा और अराजकता फैला दी, जिससे पूरा शहर थम सा गया। शहर की सड़कों पर नाकाबंदी कर दी गई, कई पेट्रोल पंपों को आग के हवाले कर दिया गया और मेक्सिको की सेना के हेलीकॉप्टरों पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाई गईं। इस भारी गोलीबारी के कारण पास के स्टेडियम में चल रहे लाइव बेसबॉल मैच को बीच में ही रोकना पड़ा, जहां खिलाड़ी और दर्शक जान बचाने के लिए मैदान छोड़कर भागे। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में सुरक्षाबलों के हेलीकॉप्टर शहर के ऊपर चक्कर लगाते हुए जमीन पर बदमाशों पर गोलियां बरसाते दिख रहे हैं, वहीं कार्टेल के गुर्गे पिकअप ट्रकों में सैन्य हेलीकॉप्टरों पर सीधा हमला करते नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, बदमाशों ने शहर में दहशत फैलाने के लिए कई पेट्रोल पंपों और दुकानों को भी आग लगाई और निजी अस्पतालों पर भी कब्जा कर लिया। सेना की मदद को रोकने के लिए सड़कों पर गाड़ियां खड़ी करके रास्ते पूरी तरह ब्लॉक कर दिए गए, जिससे पूरा शहर ठप हो गया। मेक्सिको के रक्षा मंत्रालय ने जानकारी दी है कि इस बड़े ऑपरेशन को देश की सबसे चुनिंदा एलीट मिलिट्री फोर्स ने अंजाम दिया। सुरक्षाबलों ने बेहद चुपचाप और अचानक हमला बोलने की रणनीति अपनाते हुए अपने टारगेट तक पहुंच बनाई और ड्रग कार्टेल के सरगना फॉस्टो इसिड्रो मेजा फ्लोरेस को गिरफ्तार कर लिया।

## राष्ट्रपति ट्रंप बोले- एकदम सटीक थी वेंस की राय

वॉशिंगटन। अमेरिका में मिडटर्म चुनावों में हार के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के बीच कथित खटपट की खबरें तेज हो गई थीं। हालांकि, राष्ट्रपति ट्रंप ने इन दावों को गलत बताते हुए उपराष्ट्रपति वेंस की राय को एकदम सटीक करार दिया है। इसके साथ ही ट्रंप ने यह भी स्पष्ट किया कि ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकने के लिए वे दोबारा भी युद्ध का ही फैसला लेते। मिडटर्म चुनाव में हार के बाद उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए पार्टी की हार के पीछे की वजहों का विश्लेषण किया था। अपने पोस्ट में वेंस ने ईरान के साथ चल रहा युद्ध, बढ़ती महंगाई, कॉस्ट ऑफ लिविंग और इजरायल के साथ अमेरिका के रिश्तों को हार के लिए जिम्मेदार ठहराया था। जानकारों और मीडिया ने इसे सीधे तौर पर राष्ट्रपति की विदेश नीति और युद्ध के फैसले पर सवाल उठाने जैसा माना। एक रिपोर्ट ने इस मामले को और हवा दी, जिसमें दावा किया गया कि राष्ट्रपति ट्रंप निजी तौर पर वेंस के बयान को लेकर नाराजगी जता चुके हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप का मानना था कि वेंस को युद्ध में जाने के राष्ट्रपति के फैसले की अनिवार्यता भी बतानी चाहिए थी। जब व्हाइट हाउस में पत्रकारों ने राष्ट्रपति ट्रंप से सीधे सवाल किया कि क्या वो वेंस के बयान से निराश या नाराज हैं, तो ट्रंप ने इन दावों को गलत बताया।

## 'बेपीकोलंबो' अंतरिक्ष यान आठ साल बाद बुध की कक्षा में पहुंचा



बर्लिन। आंतरिक सौर मंडल में आठ साल की लंबी यात्रा के बाद दो अंतरिक्ष यान सूर्य के सबसे करीब स्थित बुध ग्रह की कक्षा में पहुंच गए हैं और अब ये दोनों यान अलग-अलग कक्षाओं से इस सबसे छोटे ग्रह के उन रहस्यों से पर्दा उठाएंगे जिनकी गुत्थी वैज्ञानिक अब तक नहीं सुलझा सके हैं। यूरोपीय और जापानी अंतरिक्ष एजेंसियों के ये दो रोबोटिक खोजी यान अगले महीने एक-दूसरे से अलग हो जाएंगे। इसके बाद वे अलग-अलग ऊंचाइयों से इस तपते हुए छोटे ग्रह का मानचित्र तैयार करेंगे और उसका अध्ययन करेंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दो अरब डॉलर की इस संयुक्त अंतरिक्ष यात्रा को 'बेपीकोलंबो' नाम दिया गया है। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी ने सोशल मीडिया के जरिए 'बेपीकोलंबो' के बुध ग्रह पर पहुंचने की घोषणा की। प्रणोदक को कई बार चालू करके अंतरिक्ष यान की गति इतनी कम की गई कि ग्रह के कमजोर गुरुत्वाकर्षण ने उसे अपनी कक्षा में खींच लिया। हालांकि, जर्मनी में बैठे उड़ान नियंत्रकों को यह पुष्टि करने में कई घंटे लग गए कि बेपीकोलंबो बुध की कक्षा में पहुंच चुका है। वे ग्रह से 9.4 करोड़ मील दूर थे। बेपीकोलंबो बुध ग्रह पर पहुंचने वाले तीसरे अंतरिक्ष यान हैं। रिपोर्ट के मुताबिक बुध सूर्य के सबसे नजदीक स्थित ग्रह है और आकार में हमारे चंद्रमा से थोड़ा ही बड़ा है। एक दशक से अधिक समय बाद यह पहला अंतरिक्ष मिशन है जो बुध तक पहुंचा है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का 'मैरिनर-10' अंतरिक्ष यान 1970 के दशक के मध्य में तीन बार बुध ग्रह के पास से गुजरा था। इस मिशन की टीम में दिवंगत इतालवी गणितज्ञ ज्यूसेपे बेपी कोलंबो भी शामिल थे, जिनके नाम पर इस नए मिशन का नाम रखा गया है। नासा का मैसेंजर अंतरिक्ष यान 2011 में बुध की कक्षा में पहुंचा था। ईंधन खत्म होने के बाद 2015 में वह ग्रह से टकराकर नष्ट हो गया। वर्ष 2018 में प्रक्षेपित बेपीकोलंबो ने बुध तक पहुंचने के लिए धीमा और घुमावदार रास्ता अपनाया। इस दौरान वह एक बार पृथ्वी, दो बार शुक्र और छह बार बुध ग्रह के पास से गुजरा। इन ग्रहों के गुरुत्वाकर्षण का इस्तेमाल करके उसकी दिशा और गति बदली गई। इस पूरी यात्रा में अंतरिक्ष यान ने छह अरब मील से अधिक दूरी तय की। मिशन के प्रमुख वैज्ञानिक गेरेंट जोन्स ने कहा कि वह और उनकी टीम के अन्य सदस्य वसंत ऋतु में नए आंकड़ों के मिलने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस मिशन से ग्रह पर एक ही समय में दो अंतरिक्ष यानों द्वारा किए गए अभूतपूर्व मापों की तुलना करने का अवसर मिलेगा। बुध ग्रह पर तापमान 427 डिग्री सेल्सियस से भी अधिक हो सकता है। इससे अंतरिक्ष यान की इलेक्ट्रॉनिक और इंजीनियरिंग प्रणालियों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। अंतरिक्ष एजेंसी के अधिकारी इस मिशन को कम से कम पृथ्वी के एक वर्ष तक जारी रखना चाहते हैं, जो बुध के चार वर्ष के बराबर होगा।

## नाइजीरिया : पलटी नाव, अंतिम संस्कार में जा रहे 24 लोगों की मौत

बायेल्सा। दक्षिणी नाइजीरिया के बायेल्सा में एक भीषण नौका दुर्घटना में कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई है। यह दुखद हादसा तब हुआ जब अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे लोगों से भरी एक नाव नदी में पलट गई। घटना में 24 अन्य यात्रियों को सुरक्षित बचा लिया गया है, जबकि लापता लोगों की तलाश के लिए बचाव अभियान अभी भी जारी है। अधिकारियों ने शनिवार, 21 नवंबर 2026 को इस घटना की पुष्टि की। राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी (एनईएमए) के प्रवक्ता मान्जो इजेकी ने एक बयान में बताया कि नाव एक समुदाय से दूसरे समुदाय की ओर जा रही थी और बायेल्सा राज्य में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हालांकि, उन्होंने नाव में सवार कुल यात्रियों की संख्या या लापता लोगों की सही संख्या स्पष्ट नहीं की। पुलिस प्रवक्ता मूसा मोहम्मद ने शुक्रवार को बताया था कि 24 लोगों को बचाकर चिकित्सकीय सहायता के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। शुरुआती जांच में नाव में तकनीकी खराबी को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है। मूसा मोहम्मद ने यह भी बताया कि यात्रियों ने चालक से नाव को किनारे ले जाने का अनुरोध किया था, जिसे उसने कथित तौर पर अनसुना कर दिया, जिसके बाद नाव पलट गई।

## संक्षिप्त समाचार

### बाल्टिक सागर में रूस के मालवाहक जहाज पर हमला, 16 लोगों ने लाइफबोट से बचाई जान

हेलसिंकी। बाल्टिक सागर में रूस के एक मालवाहक जहाज पर ड्रोन से हमला हुआ। हमले के बाद जहाज में आग लग गई। फिनलैंड ने यह हमला यूक्रेन की ओर से किए जाने की आशंका जताई है। आग लगने के बाद जहाज बहते हुए फिनलैंड के समुद्री इलाके में पहुंच गया। फिनलैंड के बॉर्डर गार्ड कमांडर इल्या इल्जिन ने शनिवार रात सरकारी प्रसारक यले को बताया कि जहाज स्पार्टा 2 में सवार 16 लोगों ने लाइफबोट की मदद से अपनी जान बचाई। इसके बाद सभी एक दूसरे रूसी जहाज पर पहुंच गए। अब वे रूस लौट रहे हैं। इस साल यूक्रेन ने रूस के उत्तर-पश्चिमी लेनिनग्राद इलाके में कई सैन्य ड्रोन भेजे हैं। इनमें से कुछ ड्रोन रास्ता भटककर बाल्टिक क्षेत्र के हवाई इलाके में भी पहुंच गए थे। इससे आशंका बढ़ गई है कि रूस-यूक्रेन युद्ध का असर नाटो के इलाकों तक भी पहुंच रहा है। फिनिश सशस्त्र बलों के प्रवक्ता अकी-मौरी हुहतिनेन ने यूक्रेन द्वारा हमला किए जाने की आशंका जताई है। उन्होंने अब तक यह भी साफ नहीं किया है कि इसी जहाज को क्यों निशाना बनाया गया। फिनलैंड के रक्षा बलों ने बताया कि रूस के गोगलैंड द्वीप के पश्चिम में यह जहाज क्षतिग्रस्त हो गया। यह जहाज रूस के कलिनिनग्राद क्षेत्र की तरफ जा रहा था। फिनलैंड के पीएम पेटेरी ओर्पो ने एक्स पर कहा कि युद्ध अब उनके पड़ोसी इलाकों तक पहुंच रहा है। उन्होंने बताया कि फिनलैंड के अधिकारी खाड़ी में हालात संभाल रहे हैं, जहां रूसी मालवाहक जहाज पर ड्रोन हमला हुआ। स्वीडन के रक्षा मंत्री पाल जॉनसन ने बताया कि इस घटना के बाद, फिनलैंड और नाटो के इलाके की सुरक्षा के लिए स्वीडन के लड़ाकू विमान भी तैनात किए गए। ये विमान फिनलैंड के कमांड के तहत काम कर रहे थे। फिनलैंड और स्वीडन हाल ही में नाटो में शामिल हुए हैं। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद फिनलैंड 2023 और स्वीडन 2024 में इस सैन्य गठबंधन का हिस्सा बने थे। वहीं, एस्टोनिया के पीएम क्रिस्टन मिशाल ने कहा कि रूस की आक्रामकता का असर अब बाल्टिक सागर तक पहुंच गया है।

### ईरान के अमेरिकी एफ-16 पर हमले के दावे से रहस्य गहराया

वॉशिंगटन। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव एक बार फिर गंभीर मोड़ पर पहुंच गया है, क्योंकि ईरान ने एक अमेरिकी एफ-16 लड़ाकू विमान को अपनी मिसाइल से निशाना बनाने और उसे नुकसान पहुंचाने का दावा किया है। ईरान की सेना के अनुसार, इस घटना के बाद अमेरिकी पायलट को अपना मिशन बीच में छोड़कर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। यह दावा 20 नवंबर की शाम को हुई एक कथित घटना से जुड़ा है, लेकिन अमेरिकी सरकार या राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से इस पर तत्काल कोई पुष्टि या प्रतिक्रिया नहीं आई है, जिससे मामला और रहस्यमयी हो गया है। ईरानी सेना और ईरानी समाचार एजेंसियों द्वारा जारी बयानों के अनुसार, दक्षिणी ईरान में सक्रिय उनके वायु रक्षा नेटवर्क ने इस अमेरिकी एफ-16 फाइटर जेट को ट्रैक किया और उसकी पहचान की। दावों में कहा गया है कि रडार पर विमान को लॉक करने के बाद ईरानी सिस्टम ने उसकी तरफ एक मिसाइल दागी। यह मिसाइल हवा में विमान के बेहद करीब फटी, जिससे हुए धमाके के असर से विमान को नुकसान पहुंचा। इसके परिणामस्वरूप, पायलट को मिशन रोकना पड़ा और किसी नजदीकी हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में विमान उतारना पड़ा। हालांकि, ईरानी सेना ने यह नहीं बताया कि विमान ने किस हवाई अड्डे पर लैंडिंग की। जानकारों का मानना है कि अमेरिका बिना पूरी जानकारी और जमीनी या सैटेलाइट डेटा की पुष्टि किए तुरंत बयानबाजी से बचता है, खासकर जब मामला सीधे सैन्य हमले से जुड़ा हो। यह भी हो सकता है कि अमेरिका इस दावे को लेकर काफी संभलकर चल रहा हो, ताकि ईरान के साथ पहले से चल रहा तनाव बेकाबू न हो जाए। अमेरिका की घरेलू राजनीति में भी ईरान युद्ध को लेकर खूब बहस छिड़ी हुई है, जिसकी वजह से हर कदम फूंक-फूंककर उठाया जा रहा है। दूसरी तरफ, ईरान के लिए इस तरह के दावे और वीडियो जारी करना अपनी वायु रक्षा ताकत दिखाने और घरेलू व क्षेत्रीय स्तर पर मनोवैज्ञानिक बढ़त बनाने की रणनीति का हिस्सा भी हो सकता है। ईरान का यह भी कहना है कि यह कार्रवाई उसके घरेलू स्तर पर विकसित वायु रक्षा सिस्टम के जरिए की गई। इससे वह यह संदेश देना चाहता है कि उसके पास मौजूद रक्षा सिस्टम आधुनिक लड़ाकू विमानों को भी निशाना बनाने में पूरी तरह सक्षम है।

### ईरान ने बहरीन में अमेरिकी ठिकानों पर किया हमला

तेहरान। मिडिल ईस्ट में जारी सैन्य तनाव एक बार फिर खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने बहरीन में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली है। दूसरी ओर, बहरीन ने कहा है कि ईरानी हमले में उसकी एक नागरिक औद्योगिक इकाई को निशाना बनाया गया, जिससे भीषण आग लग गई। गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ और सिविल डिफेंस टीमें आग पर काबू पाने में जुटी हैं। यह हमला फरवरी के अंत में ईरान पर हुए अमेरिकी और इजरायली हमलों के बाद से शुरू हुए संघर्ष में एक ताजा बढ़ोतरी है, जिसके बाद से खाड़ी के अरब देश लगातार ईरानी हमलों की चपेट में आ रहे हैं। ईरान ने दावा किया है कि उसकी एयरोस्पेस फोर्स ने बहरीन के अल-रिफा और अवाली ठिकानों पर मौजूद अमेरिकी सैन्य पोजिशनों के खिलाफ संयुक्त मिसाइल और ड्रोन ऑपरेशन चलाया। आईआरजीसी ने इसे लगातार जारी अमेरिकी आक्रामकता और ईरानी हवाई क्षेत्र के बार-बार किए जा रहे उल्लंघन का करारा जवाब बताया है। इससे पहले, ईरान ने शेख ईसा और जुफैर के दो अमेरिकी ठिकानों पर हमले का दावा किया था। वहीं, बहरीन की डिफेंस फोर्स ने कहा कि उसके एयर डिफेंस सिस्टम ने ईरान की ओर से आ रहे कई हवाई हमलों को हवा में ही नाकाम कर दिया। हालांकि, इंटरसेप्ट किए गए मिसाइलों और ड्रोन के मलबे गिरने से संपत्ति को नुकसान पहुंचा है, लेकिन कोई जनहानि नहीं हुई। बहरीन ने तेहरान पर खाड़ी देश के प्रति अपना सुनियोजित शत्रुतापूर्ण रवैया जारी रखने का आरोप लगाया है।

### घर की दीवार तोड़ते नजर आया पाताल लोक का रास्ता, जमीन में बसा था शहर

कप्पाडोसिया। एक शख्स ने अपने घर के नीचे पाताल लोक जैसी एक पूरी बसी हुई दुनिया खोज निकाली। यह कोई फिल्मी कहानी नहीं, बल्कि तुर्किये के कप्पाडोसिया इलाके में जमीन के नीचे छिपे सबसे रहस्यमयी प्राचीन शहरों में से एक डेरिंकुयू की हकीकत है। यह अनोखा शहर करीब 18 मंजिलों तक जमीन के अंदर फैला हुआ है और कहा जाता है कि यहां करीब 20 हजार लोगों के रहने का इंतजाम था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कप्पाडोसिया अपनी अनोखी चट्टानों और ज्वालामुखी से बनी नरम चट्टानी मिट्टी के लिए मशहूर है। हजारों साल पहले यहां रहने वाले लोगों ने इसी ज्वालामुखीय चट्टान को काटकर जमीन के नीचे यह विशाल शहर तैयार किया था। साल 1963 से पहले तक इस जगह के बारे में कोई नहीं जानता था। फिर एक स्थानीय व्यक्ति को अपने घर की मरम्मत के दौरान दीवार के नीचे इस अनोखी दुनिया का रास्ता मिला। हिम्मत करके वह आगे बढ़ा, तो सामने पत्थरों की सुरंगों और कमरों का ऐसा जाल नजर आया, जिसकी उसने कल्पना भी नहीं की थी। धीरे-धीरे खुदाई हुई और दुनिया के सामने डेरिंकुयू का विशाल पाताल लोक खुल गया। इस भूमिगत शहर में लोगों के रहने का पूरा इंतजाम था। खुदाई में यहां बैठक कक्ष, दुकानें, पानी के ताजे कुएं, अस्तबल और रहने के कमरे मिले। यहां तक कि विशाल पत्थर के दरवाजे भी बनाए गए थे, जिन्हें भीतर से बंद करके बाहरी खतरे से बचा जा सकता था। दुश्मन का शहर पर हमला होते ही लोग धरती के नीचे पाताललोक में उतरकर भारी पत्थरों से रास्ता बंद कर लेते होंगे। ऊपर से देखने वाले को शायद अंदाजा भी नहीं होता होगा कि उसके पैरों के नीचे हजारों लोगों की दुनिया बसी हुई है।

राष्ट्र भक्ति की अलख जगाता दैनिक
राष्ट्रीय गरिमा
राष्ट्र एक बगीचा है और हम सब इसके माली
भोपाल, सोमवार 23 नवम्बर 2026
www.rashtriyagarima.com



# निखिल चौधरी के ऑलराउंड प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया ने पहला टी20 जीता



**इंग्लैंड को 3 विकेट से हराया, सीरीज में 1-0 की बढ़त मिली**

मेलबर्न। भारतीय मूल के निखिल चौधरी के ऑलराउंड प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया ने पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में इंग्लैंड को 3 विकेट से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया ने इस प्रकार पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए मेहमान टीम इंग्लैंड ने मेजबान टीम ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 188 रनों का लक्ष्य दिया था जिससे ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 19.5 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। जेक फ्रेजर-मैकगर्क केवल एक रन बनाकर ही पेवेलियन लौट गये। इसके बाद कप्तान मिचेल मार्श और सैम हार्मर ने दूसरे विकेट के लिए 50 रन बनाकर पारी संभाली। हार्मर ने 15 गेंदों में 32 रन बनाये। वहीं मार्श 32 गेंदों में 37 रन बनाकर सैम करन का शिकार बने। वहीं चौथे नंबर चार पर बल्लेबाजी करने उतरे निखिल ने इसके बाद 32 गेंदों में ही अर्धशतक लगा दिया। निखिल ने 38 गेंदों में 66 रनों की पारी खेली। वहीं टिम डेविड ने 13 गेंदों में 20 रन बनाए। अंतिम ओवर में ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 11 रनों की जरूरत थी। जैक एडवर्ड्स ने ओवर की पहली ही गेंद पर छक्का लगाया। इसके बाद अगली चार गेंदों पर 5 रन बनाकर एडवर्ड्स ने ऑस्ट्रेलियाई टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। एडवर्ड्स से 25 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं इंग्लैंड की ओर से गेंदबाजी में विल जैक्स ने 2, जबकि लियाम डॉसन, जेमी ओवरटन और सैम करन ने एक-एक विकेट लिया। वहीं इससे पहले बल्लेबाजी करते इंग्लैंड ने 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 187 रन बनाये। टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और फिल साल्ट एक भी रन बनाये बिना पेवेलियन लौट गये। इसके बाद इंग्लिश कप्तान हैरी ब्रूक ने टॉम बैंटन संग मिलकर तीसरे विकेट के लिए 41 गेंदों में 97 रन बनाकर पारी संभाली। ब्रूक ने 20 गेंदों में अपने 50 रन पूरे किया। वह 28 गेंदों में 4 चौके और 6 छक्कों की मदद से 65 रन बनाकर निखिल की गेंद पर आउट हुए। वहीं, बैंटन 22 गेंदों में 39 रन बनाकर आउट हुए। सैम करन ने 21 जबकि जॉर्डन कॉक्स ने 27 रन बनाए। विल जैक्स 3 रन बनाकर आउट हुए। लियाम डॉसन ने 14 गेंदों में 17 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से गेंदबाजी में जैक एडवर्ड्स ने 3 ओवर में 27 रन देकर दो विकेट औद्ध निखिल चौधरी ने 4 ओवर में सिर्फ 21 रन देकर इतने ही विकेट लिए।

# ऋषभ ने शतक के साथ ही बनाये कई रिकार्ड

वेलिंगटन। भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच की पहली पारी में शतक लगाने के साथ ही कई बड़े रिकार्ड अपने नाम किये हैं। इसके के साथ ही ऋषभ सभी चार सेना देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में टेस्ट शतक लगाने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज बन गए हैं। ऋषभ ने पहली पारी में 128 रन बनाये और छक्का लगाकर अपना शतक पूरा किया। वह सभी चार सेना देशों में टेस्ट शतक लगाने वाले छठे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। इसी के साथ ही वह मोहम्मद अजहरुद्दीन, सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, विराट कोहली और केएल राहुल जैसे दिग्गज क्रिकेटरों के क्लब में शामिल हुए हैं। एशियाई बल्लेबाजों की बात करें तो पाकिस्तान के यूनिस खान और श्रीलंका के कुमार संगकारा भी इस क्लब का हिस्सा हैं। इस पारी के साथ ही ऋषभ ने 45 साल पुराना सैयद किरमानी का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया, जिन्होंने 1981 में वेलिंग्टन के मैदान पर ही नाबाद 80 रन की सबसे बड़ी पारी खेली थी। ऋषभ ने इसी के साथ ही अपना 9 टेस्ट शतक लगाया और वह टेस्ट क्रिकेट में सबसे सफल विकेटकीपर-बल्लेबाजों में तीसरे स्थान पर पहुंच गये हैं, उनसे आगे ऑस्ट्रेलिया के एडम गिलक्रिस्ट के नाम 17 शतक और जिम्बाब्वे के एंडी फ्लावर के नाम 12 शतकहैं। वहीं लेस एम्स 8 शतकों के साथ चौथे स्थान पर हैं। ऋषभ ने विदेशों में 7 टेस्ट शतक और अपने घरेलू मैदान पर 2 टेस्ट शतक लगाए हैं। उनके सेना देशों के खिलाफ शतकों की बात करें तो साल 2018 में द ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ 114 रन, 2019 में सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 159 रन, 2022 में केप टाउन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 100 रन और 2022 में बर्मिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ 146 रनों की पारी शामिल हैं। उन्होंने 2025 में लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ 134 और 118 रन बनाए, और फिर 2026 में वेलिंगटन में न्यूजीलैंड के खिलाफ नाबाद 103 रन बनाये।

## भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ बनाया अब तक का सबसे बड़ा स्कोर

वेलिंगटन। भारतीय क्रिकेट टीम ने यहां पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में मेजबान न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी पहली पारी 9 विकेट पर 720 रन बनाकर घोषित कर दी। इसी के साथ ही भारतीय टीम ने एक नया रिकार्ड अपने नाम किया है। यह भारतीय टीम का मेजबान टीम के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। इसी के साथ ही भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे बड़े स्कोर के वेस्टइंडीज के तीन दशक पुराने एक रिकार्ड को तोड़ दिया। वेस्टइंडीज ने साल 1995 में वेलिंगटन में ही 5 विकेट पर 660 रन बनाये थे। थी। भारतीय टीम ने मेजबान टीम के खिलाफ 720 रन बनाते ही अब तक का अपना तीसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया है। इससे पहले भारतीय टीम ने साल 2016 में चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ 7 विकेट पर 759 रन बनाकर घोषित की थी। भारत का दूसरा सबसे बड़ा टेस्ट स्कोर 2009 में श्रीलंका के खिलाफ ब्रेबोर्न स्टेडियम में बना था। तब भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 9 विकेट पर 726 रन बनाये थे। वहीं तीसरा सबसे बड़ा स्कोर साल 2010 में श्रीलंका के खिलाफ कोलंबो में 707 रन बनाया था। वहीं साल 2004 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में भारत ने 7 विकेट पर 705 रन बनाये थे। घोषित की वही टेस्ट क्रिकेट में भारतीय टीम ने पांचवी बार 700 से अधिक रन बनाये हैं। सबसे अधिक 7 बार श्रीलंका ने टेस्ट क्रिकेट में 700 या उससे अधिक रन बनाये हैं। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज ने 4-4 जबकि ने 2 जबकि ने 1 एक बार 700 से अधिक रन बनाये हैं।

## धोनी के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं जहीर

चेन्नई। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के नए मुख्य कोच जहीर खान ने कहा है कि वह टीम के मेंटोर बनाये गये महेन्द्र सिंह धोनी के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं। जहीर के अनुसार हालांकि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि धोनी खिलाड़ी के तौर पर अचानक ही संन्यास की घोष्णा कर देंगे। इसलिए जब अचानक ही धोनी को मेंटोर बनाय गया तो वह हैरान हो गय थे। धोनी आईपीएल की शुरुआत के साथ ही सीएसके से जुड़े हैं। है। इस दौरान उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स को एक सफल फ्रेंचाइजी बनाने में अहम भूमिका निभाई। उनकी कप्तानी में सीएसके ने पांच बार आईपीएल खिताब जीता और वह टीम की सबसे बड़ी पहचान बन गए। अब 2027 सीजन से पहले फ्रेंचाइजी ने उन्हें खिलाड़ियों की रिटेंशन सूची में शामिल नहीं किया है और मेंटर की जिम्मेदारी सौंपने का फैसला किया है। जहीर ने कहा कि धोनी के अचानक ही संन्यास लेंगे इसकी उन्हें उम्मीद नहीं थी, क्योंकि यह इस चक्र का आखिरी साल था। उन्होंने इस बारे में सोचा भी नहीं था। लेकिन धोनी को पता है कि क्या सही है और कब सही फैसला लेना है। यह उनका अपना फैसला था पर जहीर के लिए ये अप्रत्याशित था। उन्होंने साथ ही कहा कि कि धोनी ने इस बारे में बेहद सामान्य और शांत तरीके से जानकारी दी, क्योंकि उन्हें किसी बड़े फैसले को लेकर ज्यादा चर्चा करना पसंद नहीं है। जहीर ने कहा कि धोनी के खिलाड़ी के रूप में आगे नहीं खेलने का फैसला पूरी टीम के लिए भावनात्मक रहा है। यह सप्ताह हम सभी के लिए भावनाओं से भरा रहा है, जिसमें खुशी और उदासी दोनों तरह की भावनाएं हैं। हर साल की तरह इस बार भी हम उम्मीद कर रहे थे कि धोनी टीम के लिए मैदान पर खेलते नजर आएंगे। वह टीम के साथ रहेंगे, लेकिन अब उनकी भूमिका अलग होगी। इसी वजह से टीम के मन में मिली-जुली भावनाएं हैं। उन्होंने धोनी के मेंटर बनने पर खुशी भी जाहिर की। उन्होंने कहा कि वह इस बात को लेकर उत्साहित हैं कि अब धोनी जिम्मेदारी साझा करेंगे और सही दिशा में टीम का मार्गदर्शन करके उनका काम आसान बनाएंगे। हालांकि, उनके इस फैसले को लेकर जहीर भावुक भी हैं। जहीर के अनुसार धोनी का अनुभव और खेल को समझने का तरीका सीएसके के लिए काफी उपयोगी साबित हो सकता है। खासकर युवा खिलाड़ियों को उनके मार्गदर्शन से काफी कुछ सीखने का मौका मिलेगा।

# क्रिकेटर युजवेंद्र चहल भाजपा में शामिल हुए, मिली बड़ी जिम्मेदारी

नई दिल्ली। पिछले काफी समय से भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे स्पिनर युजवेंद्र चहल अब राजनीति में उतरें हैं। चहल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए हैं। चहल को पार्टी में शामिल होने के साथ ही अहम जिम्मेदारी मिली है। उन्हें ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) मोर्चा के लिए बनी टीम में सदस्य बनाया गया है। पार्टी को उम्मीद है कि उसे चहल की लोकप्रियता से लाभ मिलेगा। आम तौर पर राजनीतिक दल खेल से जुड़े सितारों के जरिये समाज में अपनी पैठ मजबूत करने का प्रयास करते हैं। भाजपा को उम्मीद है कि चहल के आने से उसे व्यापक जनसमर्थन मिलेगा। चहल एक स्टार खिलाड़ी रहे हैं और पार्टी की नजर उनके जरिये ओबीसी समुदाय को अपने से जोड़ना है। पार्टी द्वारा जारी नई संगठनात्मक नियुक्तियों के तहत चहल को भाजपा के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा की राष्ट्रीय टीम में सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। ये मोर्चा अन्य पिछड़ा वर्ग से जुड़े मुद्दों और सामाजिक कल्याणकारी योजनाओं पर काम करता है। इस भूमिका के जरिये चहल अपने प्रभाव का उपयोग ओबीसी समुदाय को सशक्त बनाने और उनके हितों को बढ़ावा देने के लिए कर सकते हैं। यह नियुक्ति दिखाती है कि भाजपा जमीनी स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत करने और विभिन्न समुदायों के बीच अपनी पैठ बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने चहल के नाम की घोषणा की। वहीं राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस तरह के सितारों को जोड़ने से मतदाताओं के एक बड़े वर्ग के साथ भावनात्मक जुड़ाव किया जा सकता है। वहीं चहल को भी इससे करियर में एक नई पारी शुरु करने का अवसर मिला है। वह जानते हैं कि बढ़त उम्र के साथ ही उनकी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की उम्मीदें समाप्त हो रही हैं। वहीं चहल इस प्रकार की बड़ी जिम्मेदारी मिलने से उत्साहित हैं और उन्होंने इसके लिए पार्टी का आभार व्यक्त किया है।



पुर्तगाल में मोटो जीपी रेस में भाग लेते हुए डुकाटी लेनोवो टीम के मार्क मरकेज।

# व्यापार समाचार

## संक्षिप्त समाचार

### भारत का तेल एवं गैस आयात बिल अक्टूबर में 60 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। पेट्रोलियम मंत्रालय के तहत आने वाले पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) के आंकड़ों से मिली जानकारी के मुताबिक भारत का तेल एवं गैस आयात बिल अक्टूबर में 60 प्रतिशत बढ़कर 16 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। ब्रेंट कच्चे तेल की औसत कीमत सालाना आधार पर लगभग दोगुनी होकर 124.77 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचने के चलते आयात बिल बढ़ा। अक्टूबर 2025 में शुद्ध आयात बिल 10 अरब डॉलर था। हालांकि, मात्रा के हिसाब से कच्चे तेल का आयात केवल 11 प्रतिशत बढ़कर 2.33 करोड़ टन रहा। तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के आयात पर 1.3 अरब डॉलर खर्च हुए, जबकि पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात से 6.3 अरब डॉलर की कमाई हुई।ब्रेंट कच्चे तेल की औसत कीमत सितंबर में 116.77 डॉलर और अक्टूबर 2025 में 64.75 डॉलर प्रति बैरल थी। अक्टूबर में भारतीय बास्केट के कच्चे तेल की औसत कीमत 119.91 डॉलर प्रति बैरल रही, जो एक साल पहले 65.08 डॉलर थी। अप्रैल-अक्टूबर के दौरान शुद्ध आयात बिल बढ़कर 97.7 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 70.3 अरब डॉलर था। इस दौरान मात्रा के हिसाब से कच्चे तेल का आयात 2.7 प्रतिशत बढ़ा, लेकिन इस पर 111 अरब डॉलर खर्च हुए, जबकि एक साल पहले यह खर्च 72.3 अरब डॉलर था।पीपीएसी के आंकड़ों के अनुसार तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की खपत अक्टूबर में 12.3 प्रतिशत और अप्रैल-अक्टूबर के दौरान 15.1 प्रतिशत घट गई। एक नवंबर को सक्रिय घरेलू एलपीजी ग्राहकों की संख्या 32.6 करोड़ रही, जो एक अप्रैल के 33.4 करोड़ से कम है। सरकारी कंपनियों की घरेलू एलपीजी बिक्री अक्टूबर में 11.8 प्रतिशत और थोक एलपीजी बिक्री 49.1 प्रतिशत कम हुई। हालांकि, ऑटो एलपीजी की बिक्री में 23.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

### गोकुल डेयरी ने भैंस का दूध 6 और गाय का 4 रुपए किया महंगा

मुंबई। अब महाराष्ट्र में दूध खरीदने वाले उपभोक्ताओं को अधिक पैसे खर्च करने होंगे, क्योंकि गोकुल डेयरी ने भैंस और गाय के दूध की कीमतों में वृद्धि की घोषणा की है। कोल्हापुर जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ, जिसे गोकुल के नाम से जाना जाता है, ने भैंस के दूध की बिक्री कीमत में 6 रुपए प्रति लीटर और गाय के दूध की कीमत में 4 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। ये नई दरें 21 नवंबर से प्रभावी हो गई हैं और गोकुल के सप्लाई क्षेत्र, यानी महाराष्ट्र के उन इलाकों में लागू होंगी जहां गोकुल दूध की आपूर्ति करता है। इस बढ़ोतरी से उपभोक्ताओं पर सीधा वित्तीय भार पड़ेगा। उदाहरण के लिए, यदि कोई परिवार प्रतिदिन 2 लीटर भैंस का दूध खरीदता है, तो उसे पहले के मुकाबले हर दिन 12 रुपए अधिक खर्च करने होंगे, जिससे मासिक खर्च लगभग 360 रुपए बढ़ जाएगा। वहीं, रोज 2 लीटर गाय का दूध खरीदने वाले परिवार को महीने में करीब 240 रुपए अतिरिक्त देने होंगे। गोकुल ने सिर्फ ग्राहकों के लिए दूध महंगा नहीं किया है, बल्कि दूध उत्पादकों को मिलने वाली खरीद कीमत भी बढ़ाई है। भैंस के दूध पर किसानों को अब 3 रुपए प्रति लीटर और गाय के दूध पर 2 रुपए प्रति लीटर ज्यादा मिलेंगे। डेयरी के चेयरमैन के अनुसार सूखे की स्थिति और किसानों को हो रही परेशानियों को देखते हुए यह फैसला लिया गया है, और बोर्ड के सभी निदेशकों ने इस बढ़ोतरी पर सहमति जताई है। यह नई दरें करीब 131 दिनों यानी मार्च तक लागू रहेंगी। हालांकि, किसानों का कहना है कि उन्हें मिलने वाली बढ़ी हुई कीमत उनकी बढ़ती लागतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है। पशुओं के चारे और उनके रखरखाव का खर्च लगातार बढ़ रहा है। एक किसान के अनुसार, पशु आहार के एक बोरे की कीमत 2,100 से 2,200 रुपए तक पहुंच गई है, और एक डेयरी फार्म को प्रतिदिन तीन से चार बोरे तक की आवश्यकता हो सकती है। ऐसे में दूध के खरीद भाव में 2 या 3 रुपए की बढ़ोतरी से उनकी मुश्किलें पूरी तरह दूर नहीं होंगी।

# छोटे व्यवसायियों को लोन देना 1000 गुना फायदेमंद: आरबीआई गवर्नर

**बैंकों से ग्रामीण इलाकों और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों तक अपनी पहुंच बढ़ाने का आग्रह किया**



पुणे। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बैंकों से छोटे और बहुत छोटे कारोबारियों को ज्यादा लोन देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि किसी एक बड़ी कंपनी को 1,000 करोड़ रुपये का लोन देने के मुकाबले यही रकम बड़ी संख्या में छोटे कारोबारियों में बांटने से अर्थव्यवस्था को कहीं ज्यादा व्यापक फायदा हो सकता है। उनके मुताबिक छोटे कारोबारियों को लोन देने का आर्थिक असर 100 गुना और बेहद छोटे कारोबारियों के मामले में 1,000 गुना तक ज्यादा हो सकता है। आरबीआई गवर्नर ने बैंकों से ग्रामीण इलाकों और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों तक अपनी पहुंच बढ़ाने का आग्रह किया। संजय मल्होत्रा हाल ही में महाराष्ट्र के पुणे जिले में बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा आयोजित एक फाइनेंशियल इन्क्लूजन कैंप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि देश का विकास तभी सही मायने में होगा, जब इसमें सभी वर्गों और सभी क्षेत्रों की भागीदारी होगी। आरबीआई गवर्नर ने बताया कि सरकार के फाइनेंशियल इन्क्लूजन अभियान के तहत अब तक 60 करोड़ से ज्यादा बैंक अकाउंट खोले जा चुके हैं। हालांकि, अब केवल बैंक अकाउंट खुलवाना ही काफी नहीं है, बल्कि लोगों को बैंकिंग सेवाओं के सही इस्तेमाल और डिजिटल लेनदेन के बारे में भी जागरूक करना जरूरी है। मल्होत्रा के अनुसार, बैंकिंग सेवाएं तेजी से डिजिटल होती जा रही हैं, ऐसे में लोगों को यह समझना चाहिए कि डिजिटल बैंकिंग का इस्तेमाल सुरक्षित तरीके से कैसे किया जाए। उन्होंने बैंकों से वित्तीय और डिजिटल साक्षरता बढ़ाने पर भी जोर दिया। मल्होत्रा ने निवेश के नाम पर होने वाली धोखाधड़ी को लेकर भी लोगों को आगाह किया। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति कम समय में 20, 30 या 40 फीसदी रिटर्न देने का वादा करता है, तो ऐसे ऑफर को लेकर बेहद सावधान रहने की जरूरत है। उनके मुताबिक असामान्य रूप से ज्यादा रिटर्न का वादा करने वाली स्कीमें बड़े जोखिम वाली हो सकती हैं और कई बार ये धोखाधड़ी का तरीका भी होती हैं। उन्होंने लोगों से अपना वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) किसी के साथ साझा नहीं करने, अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचने और संदिग्ध मैसेज का जवाब नहीं देने की अपील की। आरबीआई गवर्नर ने बताया कि देशभर में फाइनेंशियल इन्क्लूजन कैंप 31 दिसंबर तक आयोजित किए जाएंगे। इन कैंप का मकसद लोगों को बैंकिंग सेवाओं, सरकारी सोशल सिक्योरिटी स्कीमों और डिजिटल बैंकिंग से जोड़ना है। साथ ही बैंक खातों की री-केवाईसी (ग्राहकों की जानकारी दोबारा अपडेट) करने पर भी जोर दिया जा रहा है।

## दो पैन कार्ड रखने पर व्यापारी को इनकम टैक्स ने भेजा लाखों का नोटिस

नई दिल्ली। गुजरात के एक पटाखा कारोबारी के साथ ऐसा मामला सामने आया है, जहां क्लर्क की कथित गलती से उनके नाम पर दो पैन कार्ड जारी हो गए थे। इस त्रुटि के बाद आयकर विभाग ने उनके एक पैन कार्ड के आधार पर 7.60 लाख रुपए की रकम को छिपी हुई आय मान लिया, जिससे व्यापारी कानूनी दांव-पेच में फंस गए। असेसमेंट ईयर 2020-21 के लिए उन्होंने एक पैन कार्ड से इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल किया था, जिसमें पटाखों के कारोबार से हुई पूरी कमाई की जानकारी और ऑडिट रिपोर्ट शामिल थी। हालांकि, आयकर विभाग ने उनके दूसरे पैन कार्ड नंबर के आधार पर दोबारा जांच शुरू कर दी। असेसिंग ऑफिसर ने 24 मार्च 2025 को कार्रवाई पूरी करते हुए 7.60 लाख रुपए को उनकी आय में जोड़ दिया। कारोबारी का तर्क था कि इस कमाई पर पहले ही दूसरे पैन के तहत दाखिल रिटर्न में टैक्स दिया जा चुका है, इसलिए एक ही रकम पर दोबारा टैक्स लगाना गलत है। व्यापारी ने अपने दावे के समर्थन में बैंक स्टेटमेंट, कारोबार से जुड़े लोगों के खाते की पुष्टि और अन्य दस्तावेज जमा किए। उन्होंने दो पैन कार्ड जारी होने की गलती को लेकर हलफनामा भी दिया। लेकिन पहली अपील के दौरान वह अपना पक्ष और जरूरी सबूत सही तरीके से पेश नहीं कर सके, जिसके चलते अपील अथॉरिटी ने आयकर विभाग के फैसले को बरकरार रखा। इसके बाद कारोबारी ने आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) अहमदाबाद का रुख किया। ट्रिब्यूनल ने अपील अथॉरिटी का पिछला आदेश रद्द करते हुए इस मामले को नए सिरे से जांच के लिए असेसिंग ऑफिसर के पास भेज दिया।

## महिंद्रा एलएमएम की आईपीओ लाने की तैयारी : चेयरमैन

नई दिल्ली। महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी लिमिटेड वृद्धि के अपने अगले चरण के वित्तपोषण के लिए करीब 18 महीने में शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने की तैयारी कर रही है। इसके तहत कंपनी नए उत्पाद खंडों में विस्तार और उत्पादन क्षमता बढ़ाने की योजना बना रही है, साथ ही वह विदेशी बाजारों में संभावित अवसरों की भी तलाश कर रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा कि महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी का मूल्यांकन पहले ही करीब एक अरब अमेरिकी डॉलर है।

## शैले होटल्स तीन साल में 3,500 करोड़ का निवेश करेंगी : सीईओ

नई दिल्ली। शैले होटल्स अगले तीन वर्षों में लगभग 3,500 करोड़ रुपये का निवेश करने पर विचार कर रही है। कंपनी के अधिकारी ने बताया कि दिल्ली हवाईअड्डे पर बनने वाले इसके ताज ब्रांड के होटल में अब अगले वित्त वर्ष (2027-28) की अप्रैल-जून तिमाही में लगभग 200 कमरे खुलने की उम्मीद है, जबकि पहले 70 कमरे खोलने की योजना थी। कंपनी के आगामी पोर्टफोलियो में दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डीआईएएल) में 380 कमरों वाला ताज होटल शामिल है। अधिकारी ने एक साक्षात्कार में बताया कि डीआईएएल हवाईअड्डे पर ताज होटल का काम पूरा होने के करीब है, लेकिन प्रदूषण से जुड़े जीआरएपी प्रतिबंधों के कारण इसमें कुछ देरी हुई। उन्होंने कहा कि कंपनी को उम्मीद है कि हवाईअड्डा स्थित यह होटल उसके समग्र पोर्टफोलियो में अहम योगदान देगा, हालांकि राजस्व पर इसके असर का सटीक आकलन करना अभी जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा कि हमें अगले तीन वर्षों में 3,500 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय की उम्मीद है। शैले होटल्स के पास इस समय लगभग 3,300 कमरे हैं और 2,036 कमरों की घोषित परियोजनाओं पर काम जारी है।



लॉस एंजिल्स में ऑटो शो के मीडिय प्रीव्यू के दौरान लोग एक कार का टेस्ट ड्राइव लेते हुए। ये ऑटो शो इस माह के अंत तक चलता रहेगा।

# घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली। आज 22 नवंबर 2026 को गैस सिलेंडर की कीमतों पर आम लोगों की नजर बनी हुई है, खासकर शादी के सीजन में जब रसोई गैस की खपत बढ़ जाती है। रसोई गैस के दाम बढ़ने या घटने का सीधा असर घर के बजट पर पड़ता है। यदि आप आज एलपीजी सिलेंडर बुक करने की सोच रहे हैं, तो अपने शहर के नए रेट जानना महत्वपूर्ण है। राहत की बात यह है कि फिलहाल 14.2 किलो वाले घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है और यह पुराने रेट पर ही मिलेगा। दिल्ली में घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत 942 रुपए है, जबकि मुंबई में इसके लिए 941.50 रुपए चुकाने होंगे। कोलकाता में यह 968 रुपए और चेन्नई में 957.50 रुपए का मिल रहा है। पटना में इसकी कीमत 1,031.50 रुपए है, और लखनऊ तथा वाराणसी में 979.50 रुपए है। हालांकि, 19 किलो वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। ये सिलेंडर होटल, रेस्टोरेंट और अन्य व्यावसायिक कामों में इस्तेमाल होते हैं। दिल्ली में कमर्शियल सिलेंडर की कीमत 2,820 रुपए हो गई है, मुंबई में इसका रेट 2,775 रुपए और कोलकाता में 2,971 रुपए है। पटना में यह 3,110.50 रुपए और बेंगलुरु में 2,774 रुपए का मिल रहा है। कमर्शियल सिलेंडर महंगा होने से होटल और रेस्टोरेंट के खर्च पर भी असर पड़ सकता है, जिसका बोझ अंततः उपभोक्ताओं पर भी आ सकता है। तेल कंपनियां आमतौर पर हर महीने की पहली तारीख को एलपीजी सिलेंडर की कीमतों की समीक्षा करती हैं और नए रेट जारी करती हैं। इन कीमतों पर अंतरराष्ट्रीय बाजार में एलपीजी की कीमत, डॉलर के मुकाबले रुपए की स्थिति और दूसरे खर्चों का असर पड़ता है।

राष्ट्र भक्ति की अलख जगाता दैनिक
राष्ट्रीय गरिमा
राष्ट्र एक बगीचा है और हम सब इसके माली



## मां ने बच्चों को खाने में दिया जहर, खुद भी खाया,तीनों की मौत

भोपाल। राजधानी भोपाल के ग्रामीण क्षेत्र स्थित थाना ईंटखेड़ी के ग्राम अरवलिया में पारिवारिक विवाद के चलते एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। लोटस गार्डन के पीछे रहने वाली 37 वर्षीय महिला ने देवरानी-देवर विवाद और पति से हुई कहासुनी के बाद अपने दो मासूम बच्चों के साथ जहरीला पदार्थ खा लिया। शनिवार रात में हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान मां और दोनों बच्चों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार,ग्राम अरवलिया निवासी फईम खान धार्मिक शिक्षा के साथ मैकेनिक की दुकान चलाते हैं। शनिवार को फईम की पत्नी रुकसाना (37),छठी कक्षा में पढ़ने वाली उनकी 12 वर्षीय बेटी रुकईया और दूसरी कक्षा में पढ़ने वाला 8 वर्षीय बेटे फैजल की तबीयत बिगड़ने पर परिजनों व पड़ोसियों ने उन्हें गंभीर हालत में हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया था,जहां उपचार के दौरान तीनों ने दम तोड़ दिया। रविवार को तीनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों के सुपुर्द किया गया।

## मप्र में नई शिक्षा नीति में विषय चयन को बनाया जा रहा लचीला

भोपाल। कॉलेज में प्रवेश के समय चुना गया मुख्य विषय अब विद्यार्थियों के लिए पूरी डिग्री की बाध्यता नहीं रहेगा। नई शिक्षा नीति के तहत स्नातक पाठ्यक्रम के दूसरे वर्ष में मेजर विषय बदलने का विकल्प दिया जा रहा है। इससे बीए और बीएससी के विद्यार्थियों को प्रथम वर्ष की पढ़ाई के बाद अपनी रुचि और क्षमता के अनुरूप विषय चुनने का अवसर मिलेगा। विषय चयन में शुरुआती चूक के कारण पढ़ाई में आने वाली परेशानी को कम करने और बीच में पढ़ाई छोड़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या घटाने की दिशा में इसे महत्वपूर्ण बदलाव माना जा रहा है। अब तक कॉलेज में प्रवेश लेते समय विद्यार्थी उपलब्ध जानकारी, परिचितों की सलाह या अनुमान के आधार पर मुख्य विषय चुन लेते थे। पढ़ाई शुरू होने के बाद कई बार उन्हें समझ आता था कि उनकी रुचि किसी दूसरे विषय में अधिक है। लेकिन चुने हुए विषय के साथ आगे बढऩा उनकी मजबूरी बन जाता था। नई व्यवस्था में प्रथम वर्ष के अनुभव के बाद दूसरे वर्ष में विषय बदलने का अवसर मिलने से यह स्थिति बदल सकेगी। बीए में अर्थशास्त्र को मुख्य विषय के रूप में चुनने वाला विद्यार्थी यदि प्रथम वर्ष के दौरान इतिहास, हिंदी या राजनीति विज्ञान में अधिक रुचि महसूस करता है, तो दूसरे वर्ष में उपलब्ध विकल्पों के अनुसार नया मेजर चुन सकेगा।

## नए निजी कॉलेज खोलने के लिए 7 दिसंबर तक ऑनलाइन आदेवन

भोपाल। उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2027-28 से नए निजी कॉलेज खोलने और पहले से संचालित कॉलेजों में नए विषय, संकाय और पाठ्यक्रम शुरू करने की प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन करने का निर्णय लिया है। इस नई व्यवस्था के तहत नए कॉलेज खोलने अथवा शैक्षणिक गतिविधियों का विस्तार करने के इच्छुक संस्थान 7 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। कॉलेज संचालकों को आवेदन से लेकर अनुमति मिलने तक की संपूर्ण प्रक्रिया ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पूरी करनी होगी। ऑनलाइन प्रक्रिया से अनुमति देने में पारदर्शिता आएगी, दस्तावेज की जांच आसान होगी और अनावश्यक देरी पर रोक लगेगी। साथ ही आवेदन के हर चरण की निगरानी की जा सकेगी। नई व्यवस्था में कॉलेज खोलने के लिए दिखाई जाने वाली जमीन के कागजात की भी ऑनलाइन जांच की जाएगी। संस्थानों को जमीन के स्वामित्व के दस्तावेज, खसरा या बी-1 और जमीन का नक्शा पोर्टल पर अपलोड करना होगा।

## मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय ताराबाई यादव को पुष्पांजलि अर्पित कीं

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने रतलाम में यशवंत यादव एवं अशोक यादव की माताजी स्वर्गीय श्रीमती ताराबाई-मांगीलाल यादव के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने स्व. श्रीमती ताराबाई यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने शोकाकुल परिजन से भेंट कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं तथा उन्हें इस कठिन समय में धैर्य और संबल प्रदान करने की कामना की। मुख्यमंत्री ने दिवंगत पुण्यात्मा को नमन करते हुए ईश्वर से उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप,महापौर प्रहलाद पटेल, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य प्रदीप उपाध्याय, आरडीए अध्यक्ष मनोहर पोरवाल सहित जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों में डीआईजी निमिष अग्रवाल,पुलिस अधीक्षक अमित कुमार एवं प्रभारी कलेक्टर सुश्री वैशाली जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री विधायक चौहान के सुपुत्र के विवाह समारोह में हुए शामिल

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने रविवार को उज्जैन जिले के नागदा में विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान के सुपुत्र के विवाह समारोह में सम्मिलित होकर वर वधु को आशीर्वाद दिया। उन्होंने उनके सुखद भविष्य एवं सुखद जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री के आगमन पर विधायक एवं उनके परिवार द्वारा मुख्यमंत्री डॉ.यादव का आत्मीयता के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक बड़नगर जितेंद्र पण्डया,विधायक उज्जैन उत्तर अनिल जैन कालूहेड़ा,राजेश धाकड़, संजय अग्रवाल,सुश्री बबीता रघुवंशी पूर्व विधायक मंदसौर, संभागायुक्त आशीष सिंह, एडीजी राकेश गुप्ता, डीआईजी नवनीत भसीन,यशपाल सिंह सिसौदिया कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा उपस्थित थे।

# नर्मदा स्नान कर लौट रहे ग्रामीणों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, 3 की मौत

### सागर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर हुए हादसे में 33 लोग हुए घायल



भोपाल। मध्य प्रदेश के सागर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर रविवार दोपहर भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां गौरझामर थाना क्षेत्र के नीम घाटी के पास नर्मदा स्नान कर लौट रहे ग्रामीणों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 33 लोग घायल हुए हैं। मृतकों में दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। घायलों में महिला, पुरुषों के साथ बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, हादसे के समय ट्रैक्टर-ट्रॉली में करीब 36 लोग सवार थे। सभी सागर जिले की बांदरी तहसील के ग्राम गढ़ौला गोसाई के निवासी थे। वे शनिवार को नरसिंहपुर जिले के बरमान घाट पर नर्मदा स्नान और पूजा-अर्चना के लिए गए थे। रविवार को स्नान के बाद गांव लौटते समय नीम घाटी के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा इतना गंभीर था कि कई लोग ट्रॉली के नीचे दब गए, जबकि कुछ सड़क पर दूर जा गिरे। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास से गुजर रहे राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। ट्रॉली के नीचे फंसे लोगों को बाहर निकाला गया और पुलिस तथा एंबुलेंस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। एसडीएम देवरी मुनव्वर खान, पुलिस अधिकारियों और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। प्रारंभिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल लोगों को सागर के बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। कुछ घायलों का देवरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार किया जा रहा है। घायलों में कई के हाथ-पैर में फ्रैक्चर और चेहरे सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान रक्षा प्रजापति, प्रेमरानी यादव पत्नी रम्मू यादव और राकेश यादव पुत्र रम्मू यादव, उम्र 50 वर्ष के रूप में हुई है। प्रेमरानी यादव और राकेश यादव मां-बेटे है। हादसे में एक ही गांव के तीन लोगों की मौत और बड़ी संख्या में ग्रामीणों के घायल होने से गढ़ौला गोसाई में शोक का माहौल है। एसडीएम मुनव्वर खान के मुताबिक, दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई, इसकी जांच कराई जा रही है। ट्रैक्टर-ट्रॉली के अनियंत्रित होकर पलटने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। यह भी जांच का विषय है कि वाहन में निर्धारित क्षमता से अधिक लोग तो सवार नहीं थे। गौरझामर और देवरी पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं, प्रत्यक्षदर्शी नवीन कुमार ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में बड़ी संख्या में लोगों को बैठाकर हाईवे पर सफर कराने पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने टोल प्लाजा से ऐसे वाहनों के गुजरने और यात्रियों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई।

# भोपाल और इंदौर सहित पश्चिमी हिस्सों में बढ़ी कड़ाके की ठंड

### तूफान के असर से प्रदेश के 12 जिलों में रुक-रुककर हुई बारिश



भोपाल। राजधानी भोपाल में रविवार को सूरज की चमक फीकी रहने की वजह से ठंड का अहसास होता रहा। चक्रवाती तूफान अकवान और पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी के चलते मध्य प्रदेश में मौसम के दो रंग देखने को मिल रहे हैं। पूर्वी मध्य प्रदेश के जबलपुर, रीवा और शहडोल संभाग में बारिश का दौर जारी है, जबकि भोपाल,इंदौर और उज्जैन सहित पश्चिमी हिस्सों में ठंड बढ़ गई है। बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवाती तूफान अकवान के अप्रत्यक्ष प्रभाव से मध्य प्रदेश के जबलपुर में मौसम का मिजाज बदल गया है। वातावरण में बढ़ी नमी के चलते रविवार को आसमान में घने बादल छाए रहे। इस दौरान रुक-रुककर हुई हल्की बारिश और बूंदाबांदी ने मौसम में ठंडक घोल दी। दिन के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों को दिन में ही गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा। मौसम विज्ञान कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान 0.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। इसके साथ ही इस सीजन में कुल वर्षा का आंकड़ा 2.0 मिलीमीटर तक पहुंच गया है। सुबह 8.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक रुक-रुककर हुई फुहारों के कारण मौसम सुहावना बना रहा। रविवार को भी आसमान में बादलों का डेरा रहा। बादलों और बूंदाबांदी का असर तापमान पर भी दिखाई दिया। शनिवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 4 डिग्री कम 24.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, बादलों के कारण रात के तापमान में बढ़ोतरी हुई। रविवार सुबह न्यूनतम तापमान सामान्य से 5 डिग्री अधिक 18.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। प्रदेश के 12 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं,शाजापुर जिले के गिरवर में न्यूनतम तापमान 8.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार,अगले 24 घंटे के दौरान मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला, बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा में बारिश हो सकती है। रविवार को भी मंडला,सिंगरौली, डिंडौरी, मैहर, रीवा और सीधी सहित कई जिलों में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश दर्ज की गई। इससे पहले अनूपपुर के अमरकंटक में करीब एक इंच बारिश रिकॉर्ड की गई थी। बढ़ती ठंड को देखते हुए उज्जैन जिले में स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। जारी आदेश के मुताबिक,नर्सरी से आठवीं कक्षा तक की पढ़ाई सुबह 9 बजे से पहले शुरू नहीं होगी। यह फैसला बच्चों को सुबह की ठंड से राहत देने के उद्देश्य से लिया गया है। मौसम केंद्र के आंकड़ों के मुताबिक,बीती रात शाजापुर जिले के गिरवर में प्रदेश का सबसे कम न्यूनतम तापमान 8.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यहां लगातार दूसरी रात ठंड का असर सबसे ज्यादा रहा। अन्य शहरों में बैतूल में 9.2 डिग्री, नीमच जिले के मरुखेड़ा,छतरपुर के नौगांव और भोपाल में 9.5 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया। रायसेन में न्यूनतम तापमान 10.6, धार में 10.9 और खजुराहो में 11.4 डिग्री रहा। रतलाम और नरसिंहपुर में 12.2 डिग्री,उज्जैन में 12.5 तथा इंदौर में 12.7 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ।

## प्राचीन से आधुनिक काल तक कालगणना' विषय पर कार्यशाला आज से

### मुख्यमंत्री करेंगे महाकाल- द मास्टर ऑफ टाइम' कॉफी टेबल बुक का विमोचन

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव कल सोमवार, 23 नवम्बर को भोपाल स्थित मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मेपकास्ट) के विज्ञान भवन में प्रदेश की प्रथम डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर ल्यूमिनेसेंस डेटिंग प्रयोगशाला एवं डॉ.विष्णु श्रीधर वाकणकर गैलरी का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 'महाकाल-द मास्टर ऑफ टाइम' विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन पर आधारित कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी करेंगे। इस अवसर पर 'प्राचीन से आधुनिक काल तक वैज्ञानिक विधियों से कालगणना' विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित होगी। ल्यूमिनेसेंस डेटिंग प्रयोगशाला प्रदेश में पुरातात्विक सामग्रियों की वैज्ञानिक रूप से आयु निर्धारण और पुरा-जलवायु अध्ययन के लिए महत्वपूर्ण सुविधा उपलब्ध कराएगी। इस तकनीक के माध्यम से लगभग 10 लाख वर्ष तक पुरानी सामग्रियों की आयु का आकलन किया जा सकेगा। प्रयोगशाला से प्राचीन मानव सभ्यताओं, पर्यावरणीय बदलावों तथा ऐतिहासिक परिस्थितियों के वैज्ञानिक अध्ययन को बढ़ावा मिलेगा। डॉ.विष्णु श्रीधर वाकणकर गैलरी में प्रसिद्ध पुरातत्वविद्,चित्रकार एवं इतिहासकार डॉ.वाकणकर के जीवन, शोध एवं योगदान को प्रदर्शित किया जाएगा। भीमबेटका शैलाश्रयों की खोज उनके महत्वपूर्ण योगदानों में शामिल है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान प्राप्त है। गैलरी के माध्यम से उनके शोध एवं भारतीय पुरातत्व के क्षेत्र में योगदान को आमजन, विद्यार्थियों और शोधार्थियों तक पहुंचाया जाएगा। राष्ट्रीय कार्यशाला में भारतीय कालगणना परंपरा, प्राचीन खगोलीय ज्ञान और आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों के समन्वय पर देश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक,पुरातत्वविद् एवं विशेषज्ञ विचार-विमर्श करेंगे। कार्यक्रम में विचारक एवं समाजसेवी सुरेश सोनी उपस्थित रहेंगे। विज्ञान भारती के राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ.शिव कुमार शर्मा,अखिल भारतीय सह-संगठन सचिव श्री प्रवीण रामदास, वीर भारत न्यास के निदेशक श्रीराम तिवारी उपस्थित रहेंगे। मेपकास्ट के महानिदेशक डॉ.अनिल कोठारी ने बताया कि परिषद विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को समाज की आवश्यकताओं से जोड़ते हुए अनुसंधान, नवाचार, पारंपरिक ज्ञान, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक-आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

## कचरा पृथक्कीकरण के संबंध में जन संवाद का सकारात्मक प्रभाव डोर-टू-डोर कचरा एकत्रीकरण में बड़ा 28 टन कचरा


राष्ट्रीय गरिमा समाचार भोपाल। नगर पालिक निगम द्वारा कचरा प्रबंधन नियम 2026 के तहत प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा स्त्रोत पर ही कचरा पृथक्कीकरण सुनिश्चित कराने के दृष्टिगत शहर के सभी



क्षेत्रों में जनसंवाद किया जा रहा है और आज दिनांक को निगम का अमला शहर के सभी जोन क्षेत्रों के 06 हजार 131 घरों में स्वच्छता संवादकर नागरिकों को विभिन्न प्रकार के कचरे को पृथक-पृथक रखने एवं पृथक-पृथक ही कचरा वाहन को देने की समझाइश दी गई। नागरिकों को दी गई समझाइश का सकारात्मक प्रभाव भी देखने को मिला और डोर-टू-डोर कचरा एकत्रीकरण में गीले कचरे की मात्रा में पिछले दिन से 28 टन की वृद्धि हुई है और लगभग 270 टन कचरा प्रतिदिन एकत्र किया जा रहा है। निगम द्वारा रात्रिकालीन कचरा कलेक्शन में भी पृथक्कीकरण पर ध्यान दिया जा रहा है साथ ही होटल, ढाबा, रेहड़ी, ठेले व हाकर्स कार्नर को 02 बड़े डस्टबिन रखकर अलग-अलग कचरा वाहन को देने की समझाइश भी दी जा रही है तथा स्पॉट फाईन की कार्यवाही भी सख्ती के साथ की जा रही है। निगम आयुक्त श्री रामप्रकाश अहिरवार द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंध नियम 2026 के तहत प्रभावी कार्यवाही करने एवं डोर-टू-डोर कचरा एकत्रीकरण में शत प्रतिशत कचरा पृथक्कीकरण करने संबंधी निर्देशों के परिपालन में निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा विशेष स्वच्छता संवाद किया जा रहा है। निगम के अमले ने 06 हजार 131 घरों में जाकर प्रभावी ढंग से नागरिकों से संवाद कर कचरा स्त्रोत पर ही पृथक करने की समझाइश दी जिसका सकरात्मक प्रभाव देखने को मिला और डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन में पिछले दिनों के मुकाबले 28 टन की वृद्धि हुई है और लगभग 270 टन कचरा प्रतिदिन एकत्र किया जा रहा है। निगम आयुक्त श्री अहिरवार के निर्देश पर सभी डोर-टू-डोर सुपरवाइजर्स कचरा वाहनों के रूट भी चेक कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त निगम द्वारा रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के दौरान कचरा पृथक्कीकरण पर भी ध्यान दिया जा रहा है और होटल, ढाबा, रेहड़ी, ठेले वाले व हाकर्स कार्नर की सभी दुकानों को 02 बड़े डस्टबिन रखने की समझाइश भी दी गई है और समझाइश के उपरांत कचरा इधर-उधर फेकने वालों पर सख्ती से स्पॉट फाईन की कार्यवाही भी की जा रही है।

# साइबर ठगों ने की भोपाल में 4 लोगों से 19.76 लाख रूपए की ठगी

### ऑनलाइन खरीदारी के नाम पर ठगों ने लोगों को लगाया लाखों का चूना



भोपाल। राजधानी में साइबर ठगों ने नौकरी दिलाने, बैंक क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने और आनलाइन सामान बेचने के नाम पर चार लोगों से करीब 19.76 लाख रुपये ठग लिए। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जीरो एफआईआर को असल अपराध में दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पर्यावरण विभाग में नौकरी के नाम पर जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में रहने वाली 40 वर्षीय विनीता काकोडिया प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही हैं। 7 नवंबर को इंस्टाग्राम पर पर्यावरण विभाग में नौकरी का विज्ञापन देखकर उन्होंने संपर्क किया। आरोपी ने रजिस्ट्रेशन के नाम पर 1050 रुपये मांगे और दस्तावेज वाट्सएप पर भेजने को कहा। इसके बाद नियुक्ति और एग्रीमेंट लेटर भेजकर अलग-अलग किश्तों में रकम मांगता रहा। विनीता ने 13 ट्रांजेक्शन में कुल 34,100 रुपये भेज दिए। बाद में और रकम मांगे जाने पर उन्हें ठगी का अहसास हुआ। वहीं अयोध्या नगर क्षेत्र के न्यू मिनाल निवासी प्रापर्टी डीलर संत कुमार झा से ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी कर 18 लाख 41 हजार 570 रुपये हड़प लिए गए। शिकायत में उन्होंने बताया कि किसी व्यक्ति ने दूसरे की पहचान का इस्तेमाल कर उन्हें झांसे में लिया और रकम ट्रांसफर करा ली। इसके अलावा मिसरोद निवासी केंद्रीय विद्यालय के शिक्षक दीपक सिंह (41) को फोन कर आरोपित ने खुद को एक्सिस बैंक कर्मचारी बताया। क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का ऑफर देकर लिंक भेजा और कार्ड की जानकारी व ओटीपी भरवा लिया। इसके बाद उनके कार्ड से 25,683 रुपये कट गए। मिसरोद निवासी चिकित्सक शुभी मिश्रा की मां कल्पना दुबे फेसबुक पर सामान खरीदने का विज्ञापन देखकर ठगी का शिकार हो गईं। भुगतान की प्रक्रिया के बहाने आरोपित ने अलग-अलग खातों में 75,820 रुपये जमा करा लिए। पुलिस चारों मामलों में आरोपितों और रकम के ट्रांसफर की जानकारी जुटा रही है।

# निगम आयुक्त श्री रामप्रकाश अहिरवार ने बोट क्लब का किया औचक निरीक्षण



राष्ट्रीय गरिमा भोपाल। निगम आयुक्त श्री रामप्रकाश अहिरवार ने किया औचक निरीक्षण और बड़े तालाब के किनारे फुटपाथों पर लगे विभिन्न खाद्य पदार्थों के स्टाल, ठेले आदि को हटाने, अलाव जलाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने तथा दीवारो, ग्रिल, फुटपाथ, डिवाईडर आदि की रंगाई-पुताई कराने व दीवारों पर आकर्षक पेटिंग्स बनाकर सौन्दर्यीकरण कराने, उच्च स्तरीय साफ-सफाई व्यवस्था निरंतर बनाये रखने, अतिक्रमण न होने देने तथा स?कों, फुटपाथों व अन्य स्थानों का आवश्यकतानुसार संधारण करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने त्वरित गति से कार्यवाही करते हुए अतिक्रमणों को हटाया व स्वास्थ्य विभाग के रात्रिकालीन सफाई अमले ने स?कों, फुटपाथों की बेहतर साफ-सफाई के साथ ही अलाव जलाने वालों के विरूद्ध स्पॉट फाईन की कार्यवाही भी की। निगम आयुक्त श्री अहिरवार के निर्देश पर निगम अधिकारियों ने भी बोट क्लब क्षेत्र का निरीक्षण किया। निगम आयुक्त श्री रामप्रकाश अहिरवार ने गत रात्रि एवं शनिवार को प्रात: राजधानी की ऐतिहासिक बड़ी झील के किनारे बोट क्लब क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न खाद्य पदार्थ विक्रेताओं के स्टॉल, ठेले व अन्य प्रकार का अतिक्रमण पाये जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त की और तत्काल स्वच्छता से संबंधित रात्रिकालीन अमले तथा अतिक्रमण निरोधक दस्ते को बुलाकर अतिक्रमणों को हटाने, उच्च स्तरीय साफ-सफाई व्यवस्था नियमित रूप से बनाये रखने तथा अलाव जलाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके अलावा निगम आयुक्त श्री अहिरवार ने दीवारों, ग्रिल, फुटपाथ आदि पर बेहतर ढंग से रंगाई-पुताई कराने, दीवारों पर आकर्षक पेटिंग बनाने व सौन्दर्यीकरण कराने के निर्देश दिए।

# राजधानी में लीकेज हुआ तो नलों तक पहुंच सकता है सीवर का पानी

### शहर में 230 किमी पाइपलाइन के पास बिछी है गंदे पानी की लाइनें



भोपाल। राजधानी के लाखों लोगों तक पहुंचने वाले पेयजल नेटवर्क की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। शहर में करीब 230 किलोमीटर लंबी पेयजल पाइपलाइन ऐसी मिली हैं, जिनके आसपास सीवर की लाइनें बिछी हुई हैं। कई स्थानों पर दोनों पाइपलाइनों के बीच महज दो से तीन मीटर का अंतर है। ऐसे में यदि पेयजल लाइन में लीकेज या दरार आती है तो सीवर का दूषित पानी उसमें मिलकर घरों तक पहुंच सकता है। इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई त्रासदी के बाद प्रदेशभर में पेयजल और सीवर नेटवर्क का सर्वे कराया गया था। भोपाल में हुए सर्वे में यह स्थिति सामने आई। नगर निगम ने खतरे को कम करने के लिए पाइपलाइन शिफ्टिंग का काम शुरू किया है, लेकिन अब तक करीब 22 किलोमीटर लाइन ही शिफ्ट हो पाई है। शेष करीब 200 किलोमीटर नेटवर्क को सुरक्षित करने की चुनौती है। निगम ने अगले साल तक यह काम पूरा करने का लक्ष्य रखा है। शहर में पेयजल और सीवर लाइनों के एक-दूसरे के करीब आने की वजह पुराने नेटवर्क का विस्तार है। करीब 15 से 20 साल पहले कई इलाकों में पेयजल पाइपलाइन बिछाई गई थीं। उस समय इन क्षेत्रों में सीवर नेटवर्क मौजूद नहीं था। बाद में आबादी बढऩे, नई कॉलोनियां विकसित होने और सीवरेज व्यवस्था के विस्तार के साथ उन्हीं रास्तों के आसपास सीवर लाइनें भी बिछा दी गईं। इसका नतीजा यह हुआ कि कई स्थानों पर दोनों नेटवर्क समानांतर हो गए। कुछ जगह इनके बीच दूरी महज दो से तीन मीटर रह गई है। पुरानी पाइपलाइन में जंग,दरार या किसी अन्य कारण से लीकेज होने पर दूषित पानी पेयजल लाइन तक पहुंचने की आशंका रहती है। खासकर तब,जब पाइपलाइन में दबाव कम हो या आसपास की जमीन में दूषित पानी का रिसाव हो। भोपाल में पेयजल की गुणवत्ता को लेकर चिंता वैशाली नगर में पानी में ई-कोलाई बैक्टीरिया मिलने के मामले के बाद और बढ़ गई है। इस घटना ने जलापूर्ति व्यवस्था के साथ पाइपलाइनों की सुरक्षा और नियमित जांच की जरूरत को भी सामने ला दिया है। ई-कोलाई की मौजूदगी पानी में मलजनित संदूषण का संकेत हो सकती है। ऐसे में केवल टंकियों और नलों से पानी के नमूने लेकर जांच करना पर्याप्त नहीं होगा। उन संभावित स्त्रोतों को भी खत्म करना जरूरी है, जहां से दूषित पानी पेयजल नेटवर्क में प्रवेश कर सकता है। सीवर और पेयजल लाइनों के बीच कम दूरी इसी तरह का जोखिम पैदा करती है।